RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# दैनिक नवयत

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक



चैत्र नवरात्री
नव संवत्सर
हिन्दू नववर्ष
की हार्दिक शुभकामनाएं



# मंदिरों एवं घरों में विधि-विधान से होगी घट स्थापना

## चैत्र नवरात्र आज से आरंभ

निसं

**जयपुर (नवयत)।** शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र अमावस्या युक्त प्रतिपदा गुरुवार से आरंभ होगा। नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों एवं घरों में विधि-विधान से घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिरों में माता रानी को विशेष चुनरी ओढ़ाकर पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार घट स्थापना का सर्वश्रेष्ठ अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:11 बजे से 12:58 बजे तक रहेगा। इसके अतिरिक्त प्रात: चौघडिया मुहूर्त सुबह 6:54 बजे से 8:06 बजे तक तथा सुबह 11:05 बजे से दोपहर 3:34 बजे तक भी घट स्थापना की जा सकेगी। इस वर्ष मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगीए जो सुख-समृद्धि का प्रतीक माना गया है।

### आमेर शिला माता मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं

आमेर स्थित शिला माता मंदिर में प्रथम नवरात्र को सुबह 7:05 बजे घट स्थापना होगी तथा श्रद्धालुओं के लिए दर्शन सुबह 8:15 बजे से प्रारंभ होंगे। मंदिर में प्रतिदिन दर्शन का समय प्रातरू 6 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवं सायं 4 बजे से रात 8:30 बजे तक रहेगा। दोपहर 12:30 से 4 बजे तक मंदिर के पट बंद रहेंगे। नवरात्र के दौरान आमेर महल में 18 से 28 मार्च तक हाथी सवारी अस्थायी रूप से बंद रहेगी। साथ ही प्रतिदिन शाम 5:30 बजे के बाद पर्यटकों का प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा तथा रात्रिकालीन पर्यटन गतिविधियों पर रोक रहेगी। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल, होमगार्ड एवं सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है।

### दुर्गापुरा दुर्गा माता मंदिर

दुर्गापुरा स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में महंत महेन्द्र भट्टाचार्य के सान्निध्य में प्रात: 7 बजे मंगल घट स्थापना होगी। नवरात्र के दौरान दुर्गा सप्तशती पाठ एवं अखंड ज्योति के दर्शन होंगे। मंदिर के पट प्रातरू 6 से 12 बजे तक तथा सायं 5 से रात 9 बजे तक खुले रहेंगे।

### दक्षिणमुखी बालाजी हाथोज धाम

श्री दक्षिणमुखी बालाजी हाथोज धाम में स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के सान्निध्य में 19 मार्च से बसंत नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिन प्रातरू 7:15 बजे घट स्थापना के साथ मंडल देवताओं का पूजन होगा। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन वाल्मीकि सुंदरकांड, दुर्गा सप्तशती पाठ, बगलामुखी मंत्र अनुष्ठान एवं दशांश यज्ञ संपन्न होंगे। रामनवमी के दिन महाआरती एवं कन्या पूजन के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा।

### रुद्रघंटेश्वरी महाकालिका मंदिर

सूरजपोल स्थित रुद्रघंटेश्वरी महाकालिका मंदिर में दोपहर 12:15 बजे घट स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर माता का अलौकिक श्रृंगार कर भगवान शिव के 108 रुद्र नामों से युक्त 108 रुद्र घंटिकाओं की विशेष पूजा.अर्चना की जाएगी।

### श्री खोले के हनुमान मंदिर

श्री खोले के हनुमान मंदिर में गुरुवार को चैत्र नवरात्रा के प्रथम दिन घट स्थापना प्रात: 10 बजे की जाएगी। नौ दिवसीय नवरात्रा के दौरान लक्ष्मण डूंगरी का खोल रामचरित मानस की चौपाईयों से गूंजायमान रहेगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि प्रात: 8 बजे बास बदनपुरा स्थित मुरली मनोहर मंदिर से 200 महिलाएं कलश लेकर श्री खोले के हनुमान मंदिर पहुंचेगी। कलश यात्रा के बाद वाल्मीकी रामायण की पूजा के बाद घट स्थापना की जाएगी। घट स्थापना के साथ ही रामायण का पारायण प्रारंभ होगा। अपराह्न तीन बजे नवाह्न रामायण की पूजा और संध्या में 6:30 बजे 125 आसन से रामचरित मानस के संगीतमय सामूहिक पाठ किए जाएंगे।



### शिव शक्ति हनुमान मंदिर में नौ दिन होंगे अनुष्ठान

हिंदू नववर्ष नवसंवत्सर 2083 और नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर त्रिपोलिया बाजार स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर, तवर जी का नोहरा में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. तरुण भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि नवसंवत्सर का शुभारंभ प्रात: सूर्योदय के समय घंटे-घडियालों की मंगल ध्वनि के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्गा माता का पंचामृत अभिषेक कर विधि-विधान से घट स्थापना की जाएगी। पं. दिनेश शर्मा के आचार्यत्व में पूरे नौ दिनों तक दुर्गापाठ एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में भक्तों के लिए विशेष पूजा-अर्चना एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि धार्मिक ग्रंथ धर्मसिंधु में उल्लेख मिलता है कि तत्रौदयिकी प्रतिपद् ग्राह्या। दिनद्वये उदयव्याप्तौ अव्याप्तौ वा पूर्वा। अर्थात् यदि प्रतिपदा दोनों दिनों में उदय व्यापिनी न हो, तो पूर्व दिवस से ही नवरात्र आरंभ किया जाना चाहिए। इसलिए 2026 में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का क्षय हो रहा है। प्रतिपदा तिथि 19 मार्च, गुरुवार को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होकर उसी दिन अगले दिन के सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी, जिससे यह तिथि 19 एवं 20 मार्च-दोनों ही दिनों में उदय व्यापिनी नहीं रहेगी। इस स्थिति में शास्त्रीय मान्यता के अनुसार बसंत नवरात्रा का शुभारंभ चैत्र कृष्ण अमावस्या, 19 मार्च, गुरुवार को प्रात: 6:53 बजे के बाद किया जाना श्रेष्ठ रहेगा। घट स्थापना के लिए अभिजित मुहूर्त को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। 19 मार्च को अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:11 बजे से 12:58 बजे तक रहेगा, जिसमें देवी आवाहन एवं घट स्थापना करना विशेष फलदायी रहेगा। इसके अतिरिक्तए जो श्रद्धालु अन्य समय में स्थापना करना चाहते हैं, वे प्रातरू 6:54 बजे से 8:06 बजे तक शुभ चौघडिये के उत्तरार्ध में तथा दिन में 11:05 बजे से दोपहर 3:34 बजे तक चर, लाभ एवं अमृत चौघडियों में भी घट स्थापना कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री शर्मा ने नव संवत्सर और राजस्थान दिवस की दी शुभकामनाएं

### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने से आमजन उत्साहित, प्रदेशभर में हो रहे विभिन्न आयोजन

जयपुर।



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र स्थापना (19 मार्च) तथा राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की है। श्री शर्मा ने कहा कि चैत्र नवरात्र मातृ शक्ति की आराधना का पर्व है। देवी दुर्गा के नौ रूप मातृ शक्ति की विविधता और महत्ता को दर्शाते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि तथा संयमित जीवन जीने की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर हमें नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने तथा प्रदेश और समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (नव संवत्सर) के दिन मनाने की पहल गत वर्ष की गई थी, जिसको लेकर आमजन में व्यापक उत्साह है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह पहल हमारी सांस्कृतिक जड़ों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रही है।

## आदि कैलाश यात्रा 1 मई से शुरू होगी

### उत्तराखंड में 14,500 फीट ऊंचाई पर खुलेंगे मंदिर के कपाट; गांवों में शुरू होगा माइग्रेशन

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में आगामी 1 मई को शिव-पार्वती मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही आदि कैलाश यात्रा शुरू हो जाएगी। पिथौरागढ़ में 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पावन धाम के द्वार खुलना यात्रा के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक है। इसके साथ ही, उच्च हिमालयी क्षेत्रों के सीमांत गांवों में शीतकालीन प्रवास (माइग्रेशन) खत्म कर ग्रामीणों की वापसी का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। कुटी गांव में ग्राम प्रधान नगेंद्र सिंह कुटियाल और पुजारियों की बैठक हुई, जिसमें रं समाज की परंपरा के तहत व्यवस्थाओं पर चर्चा के बाद कपाट खोलने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पुजारी चेत सिंह कुटियाल, गोपाल सिंह, बिरेंद्र सिंह और हरीश कुटियाल आदि ने महत्वपूर्ण राय रखी। ग्राम प्रधान के अनुसार, आस्था के इस द्वार के खुलने से सीमांत गांवों में एक बार फिर रौनक लौट आएगी। ग्रामीण अपना शीतकालीन प्रवास समाप्त कर वापस अपने गांवों की ओर लौटना शुरू करेंगे। इसके साथ ही, श्रद्धालु पवित्र आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन व पूजन कर सकेंगे।

## राज्यों को 10% एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

### सरकार ने माना- एलपीजी किल्लत जारी; मोदी और पेट्रोलियम मंत्री के बीच 2 घंटे चली बैठक

नई दिल्ली।

ईरान-इजराइल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10% ज्यादा एलपीजी कोटा देने का ऑफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40% बढ़ा है लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं। वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई।

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमी संवाद समारोह

# राज्य की विकास यात्रा में बनें भागीदार : मुख्यमंत्री शर्मा

## मुख्यमंत्री ने तीन नई नीतियां की लॉन्च

- राजस्थान औद्योगिक विकास में लिख रहा नई गाथा-
- उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण दे रही हमारी सरकार




जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उद्योग और निवेश आर्थिक समृद्धि के सबसे बड़े माध्यम है तथा उद्यमी अपने व्यवसाय को बढ़ाने के साथ ही राजस्थान की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण और निरन्तर नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे राजस्थान औद्योगिक विकास की एक नई गाथा लिख रहा है। श्री शर्मा ने उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि वे राजस्थान में निवेश के अवसरों का लाभ उठाएं, नए उद्योग स्थापित करें और राज्य के विकास की इस यात्रा में भागीदार बनें। जिससे विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति के लिए कोई कमी नहीं है और आम उपभोक्ताओं को इसके निर्बाध आपूर्ति जारी है। श्री शर्मा बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित उद्यमी संवाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इन्द्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना की थी। इसीलिए हमने चैत्र शुल्क प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में इस वर्ष 19 मार्च को यह गौरवशाली दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छू रहा है। प्रधानमंत्री भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की ओर तेजी से कार्य कर रहे हैं एवं गरीब, युवा, महिला एवं किसान के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार भी इस संकल्प को ध्येय मानते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है।

### अनुकूल नीतियों से बदला प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य-

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के ठोस एवं दूरदर्शी निर्णयों से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। हमने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' का सफल आयोजन किया। समिट में हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये के कार्य धरातल पर शुरू हो चुके हैं। हाल ही में, होंडा द्वारा प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए किया गया एमओयू प्रदेश में बढ़ते हुए वैश्विक विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बीकानेर, पाली, किशनगढ़, जोधपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक पार्क विकसित किए गए हैं। वहीं, अलवर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और अजमेर में नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कर भू आवंटन के लिए खोल दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट सलारपुर और बिचून में लॉजिस्टिक पार्क स्थापित किए गए हैं।

### 14 विभागों की 143 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध-

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की निवेशपरक नीतियों के कारण राजस्थान तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। 'रिप्स 2024' के माध्यम से निवेश को बढ़ावा दिया गया है तथा भूमि उपयोग परिवर्तन की समय-सीमा 60 से घटाकर 30 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राजनिवेश पोर्टल को राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम से जोड़कर 14 विभागों की 143 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध कराई गई हैं। राज्य कौशल नीति और राजस्थान युवा नीति के माध्यम से युवाओं को सशक्त किया जा रहा है। साथ ही, निजी क्षेत्र में 3 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

### बजट में औद्योगिक विकास के अनेक प्रावधान-

श्री शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 में प्रदेश के औद्योगिक विकास और निवेश प्रोत्साहन के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। निवेशकों की सुविधा के लिए डायरेक्ट अलॉटमेंट पॉलिसी जारी की गई है तथा सभी संभागीय मुख्यालयों पर प्लग एंड प्ले फैसेलिटी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 600 करोड़ रुपये से जोधपुर-पाली-मारवाड़ क्षेत्र में 3600 हेक्टेयर भूमि विकसित की जाएगी। साथ ही, प्रवासी राजस्थानियों के लिए डोमेस्टिक एवं ओवरसीज राजस्थानी अफेयर विभाग का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सिंगल विण्डो 2.0 प्लेटफॉर्म लागू, आईएफएमएस और आरआईपीएस पोर्टल का इन्टेग्रेशन, सर्विस सेक्टर को भी रिप्स-2024 के तहत इन्टरेस्ट सबवेंशन का लाभ तथा एनर्जी ट्रांजिशन स्किलिंग क्लस्टर जैसे विभिन्न कार्य किए जाएंगे। जिससे उद्यमियों को प्रदेश में अपना उद्यम स्थापित करने में सुगमता हो। गत सरकार के पांच साल की तुलना में हमने दो साल में किए अधिक काम-मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हमारी सरकार के दो साल के कार्यकाल में गत सरकार के पांच साल से अधिक कार्य हुए हैं। हमारी सरकार के दो साल के कार्यकाल में रीको द्वारा स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों की संख्या 31 है, जो पिछली सरकार के पहले दो वर्षों में 16 की तुलना में लगभग दोगुनी है। इसी तरह, हमने दो साल में 2 हजार 453 औद्योगिक भूखंड आवंटित किए हैं, जो गत सरकार के दो साल की तुलना में डेढ़ गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दो साल में औद्योगिक क्षेत्रों पर कुल 2 हजार 7 करोड़ रुपये व्यय किए गए, जो पिछली सरकार के दो वर्षों की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। वहीं, हमनें दो साल में 11 लाख 61 हजार 312 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना की, जो गत सरकार के दो साल की तुलना में करीब पांच गुना है।

## राज्यपाल ने डिप्टी सीएम दीयाकुमारी को डी.लिट. उपाधि दी

### आईआईएस के 11वें दीक्षांत समारोह में सामाजिक-सामुदायिक सेवा क्षेत्र में काम करने पर किया सम्मानित




जयपुर।

जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को डी.लिट. (मानद) उपाधि से सम्मानित किया। सामाजिक और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में काम करने पर दीया कुमारी को यह सम्मान मिला। आईआईएस. (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर की ओर से विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं दीया कुमारी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहीं। उल्लेखनीय है कि दीया कुमारी को यह तीसरी मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। इससे पहले उन्हें एमिटी यूनिवर्सिटी और निम्स यूनिवर्सिटी की ओर से भी इस उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

दीया कुमारी ने जताया आभार इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस सम्मान के लिए राज्यपाल और विश्वविद्यालय का आभार जताया। उन्होंने कहा- इस मंच से मैं उन सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देती हूं, जो आज अपनी डिग्री प्राप्त करके भविष्य की ओर कदम बढ़ाने जा रहे हैं।

### कोबरी-सार



# गौशाला में उपलब्ध करवाए 11 पंखे



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में युवा विकास समिति की प्रेरणा से स्व. जगदेव सोनी भामा की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी सुशीला देवी, पुत्र राजेश, राकेश भामा के द्वारा 8 पंखे व रेवंतराम, किशनलाल मौसूण श्रीडूंगरगढ़, मुन्नी देवी, चाँदनी देवी लावट जयपुर, धनाराम सोनी चांदू सोनी धूपड़ सूरतगढ़ के द्वारा 1-1 पंखा आगामी गर्मी के सीजन को देखते हुए श्री राजलदेसर गौशाला में गौ माता के लिए भेंट किया गया । इस मौके पर गौशाला परिवार की ओर से उनका दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया । इस मौके पर समिति के उपमंत्री शिवभगवान सोनी ने भामा परिवार व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी सहयोग करने की कामना की। वहीं समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में गौ माता के लिए लाभदायक साबित होंगे। कुछ स्थानों पर पंखे नहीं होने पर गौ माता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन भामा परिवार व अन्य सहयोगदाताओं ने पंखे उपलब्ध करवाकर गौ माता को राहत पहुंचाने का काम किया गया है। इस अवसर पर गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर समिति के मंत्री विनोद भाटिया, संरक्षक वीरेंद्र लाटा, रतनलाल बारुपाल, मदन दाधीच, परमानंद प्रजापत, मांगीलाल प्रजापत, मधु श्रीमाल आदि उपस्थित रहे।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने थाने का किया भ्रमण



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पीएमश्री बाबा छोटू नाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन एनएसएस के स्वयंसेवकों ने प्रथम सत्र में नोखा थाने का भ्रमण किया वहां पर थाने की कार्यप्रणाली को समझा। नोखा थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने स्वयंसेवको को एफआईआर, मालखाना, अनुसंधान कक्ष, महिला डेस्क, स्वागत कक्ष, साईबर कक्ष आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कॉस्टेबल प्रेमाराम, दिनेश, निर्मला ने स्वयंसेवकों को डिजीटल मीडिया का संयमित उपयोग करने और साईबर सुरक्षा से संबंधित सावधानी बरतने, डिजीटल भुगतान, साइबर फ्रॉड, मोबाइल ऐप्प का उपयोग आदि के बारे में बताया। थाने से आते समय स्वयंसेवकों ने सुजानगढ़ रोड स्थित नेहरू पार्क में श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने भोजन के पश्चात कार्यक्रम प्रभारी मनोज प्रजापत के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में मुख्य भवन, कार्यालय, किचन गार्डन में श्रमदान का कार्य किया। सांयकालीन सत्र में म्यूजिकल चेयर की खेलकूद गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान सह प्रभारी सुरेश डेलू, राकेश लीलड़, महेन्द कुमार, नरेंद्र आदि भी साथ रहे।

# नन्दियों के लिए लापसी सवामणी बनाकर खिलाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड पर स्थित नन्दीशाला नोखा में चैत्र मास की अमावस्या के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर 41 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग-अलग दानदाताओं द्वारा किया गया। नन्दीसेवक किशनलाल कुम्हार परिवार द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ नन्दियों को खिलाया गया। अमावस्या के पावन अवसर पर नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग-अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुवा व चम्पालाल किशोर कुमार चाण्डक परिवार द्वारा चुग्गा नन्दीशाला में पक्षियों के लिए डलवाया गया। इस अवसर पर निराश्रित गोवंश सिमिति द्वारा सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, अंकित तोषनीवाल, मोहनलाल सुथार, जयकिशन बागड़ी, मोहनलाल लखारा, शंकरलाल नाई, ओमप्रकाश खीचड़, मूलचन्द तिवाड़ी, राजेश स्वामी, राजू रांका, कपिल गौड़ व मातृ शक्ति और नन्दी सेवक उपस्थित रहे।

# आठ लाख का नशीला पदार्थ जब्त, महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में ड्रग माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने बुधवार को झोटवाड़ा और बजाज नगर थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 22.323 किलोग्राम गांजा और 33.45 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) बरामद की है । जब्त मादक पदार्थों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गई है । वहीं कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करी की राशि के तौर पर 2 लाख 71 हजार 800 रुपये भी बरामद किए है। फिलहाल पुलिस आरोपित तस्करों से पूछताछ करने में जुटी है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन और विशेष पुलिस कमिश्नर (ऑपरेशन्स) ओमप्रकाश के निर्देशन में सीएसटी टीम द्वारा की गई। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि पहली कार्रवाई झोटवाड़ा थाना क्षेत्र के आनंद विहार स्थित एक मकान में की गई। जहां पुलिस ने हनुमान रेजीडेंसी के पास दबिश देकर राहुल मालावत और मैना देवी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 4.50 लाख रुपये मूल्य का 22.323 किलो गांजा और 204500 रुपये नकद बरामद हुए हैं। आरोपी मूल रूप से गोविंदगढ़ के रहने वाले हैं और यहां किराए का कमरा लेकर तस्करी कर रहे थे। वहीं दूसरी कार्रवाई बजाज नगर इलाके में महावीर नगर रोड पर कन्नू की डेयरी के पास हुई । यहां से पुलिस ने पाली हाल महावीर नगर निवासी रामजीवन बिश्नोई को गिरफ्तार कर उसके पास से 33.45 ग्राम एमडी जब्त की। जिसकी कीमत करीब 3.50 लाख रुपये है ।

# सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार के सवाल पर सरकार का जवाब

## जल्द लागू होगी पारदर्शी तबादला नीति, ऑनलाइन पोर्टल से होंगे आवेदन

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान की 16वीं विधानसभा के पांचवें सत्र में सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार द्वारा उठाए गए एक महत्वपूर्ण सवाल के जवाब में सरकार ने राज्य के लाखों कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर दी है।

सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने सरकार से पारदर्शी स्थानांतरण नीति और इसे लागू करने की समयसीमा पर सवाल किया था, जिसके जवाब में कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया कि राज्य में तबादला प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी पी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरजगढ़ के विधायक श्रवण कुमार लगातार सड़क से लेकर सदन तक जनहित में मुद्दे उठाते है। इसी क्रम में विधायक श्रवण कुमार ने तारांकित प्रश्न संख्या 1538 के माध्यम से सरकार से पूछा कि क्या पारदर्शी स्थानांतरण नीति तैयार कर ली गई है और इसे कब तक लागू किया जाएगा। इसके जवाब में बताया गया कि प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा 9 अप्रैल 2024 और 24 मई 2024 को दिशा-निर्देश जारी कर सभी विभागों को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार नीति तैयार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### अब सिफारिश नहीं, पोर्टल से होगा काम

सरकार द्वारा सदन में दी गई जानकारी के अनुसार, अब तबादलों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एक विशाल ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर रहा है। आवेदन की अवधि- तबादले के इच्छुक कार्मिकों को हर साल 1 फरवरी से 28 फरवरी तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। काउंसलिंग प्रक्रिया- प्राप्त आवेदनों पर 1 मार्च से 31 मार्च तक काउंसलिंग की जाएगी। अंतिम तिथि- स्थानांतरण आदेश अधिकतम 30 अप्रैल तक जारी कर दिए जाएंगे।

### किसे मिलेगी प्राथमिकता

तबादलों में पारदर्शिता के लिए अंक विधान प्रणाली अपनाई जाएगी। इसमें निम्नलिखित श्रेणियों को प्राथमिकता दी जाएगी। विशेष श्रेणी दिव्यांगजन, विधवाए परित्यक्ता, एकल महिला और शहीद के आश्रित। गंभीर बीमारी- कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट और हार्ट सर्जरी जैसे असाध्य रोगों से पीड़ित कार्मिक या उनके परिवार को प्राथमिकता मिलेगी। डार्क जोन- दूरस्थ जिलों या डार्क जोन में निर्धारित समय तक सेवा देने वाले कार्मिकों को इच्छित स्थान पर तबादले का मौका मिलेगा।

### नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

सरकार ने साफ किया है कि यदि कोई विभाग इन दिशा-निर्देशों के विरुद्ध तबादले करता है, तो उन आदेशों को निरस्त करने के साथ-साथ संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसी भी कार्मिक का तबादला उसके वर्तमान पद पर 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद ही किया जा सकेगा।

# साइकिल मिलने पर छात्राओं के खिले चेहरे



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी की राउमावि में राज्य सरकार की नि:शुल्क साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की नौ छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबीईओ राजेश कुमावत थे जबकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य ब्रह्मानंद दौचानिया ने की। मुख्य अतिथि राजेश कुमावत ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही योजनाएं सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को शिक्षा के लिए समय की बचत होगी और वे शिक्षण कार्य में अधिक समय दे सकेगी। प्रधानाचार्य ब्रह्मानंद दौचानिया ने बताया कि कक्षा नौ की अंशिता, चारवी, दिव्यांशी, लक्की, जेनसिंका, रिया, रिया शेखावत, सरस्वती, सुनिता कुमारी को साइकिल वितरण की गई है। साइकिल लेकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर टीके घोष, लालुप्रसाद, शशिकला, कृष्ण कुमार सहित स्कूल स्टॉफ एवं अभिभावक मौजूद थे। संचालन नरेश कुमार ने किया। इसी प्रकार मांदरी की राउमावि में भी छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् समाजसेवी शेरसिंह कृष्णियां थे।

अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शिवदानसिंह थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि कक्षा नौ की छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण की गई। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ एवं अभिभावक मौजूद थे।

# महिलाओं को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार गौशाला बास सरदारशहर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के बाबूलाल ने बताया कि जल है तो कल है बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यो का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है तथा आमजन को बताया कि जल सरंक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करे आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करे पानी की एक-एक बून्द बचाएं आज की बचत कल का भविष्य है व कहा की आप इसमें सहयोग करे और अपने परिवार वालों से भी सहयोग के बारे में कहे कार्यक्रम में पानी के सरंक्षण पर बोलते हुए बताया कि जल ही जीवन है जल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है। इसलिए हमें फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे, घर में पानी के लीकेज को समय पर ठीक करावे, इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है और इसमें हम सब अपना अहम रोल निभा सकते है इसलिए अब समय आ गया है जब आमजन को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे, जिससे की जल संरक्षण के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। जागरूकता कार्यक्रम में संजय कुमार महर्षि, बीरबल नाथ सिद्ध, सरोज देवी, पाना देवी, चंपा देवी, मोहिनी देवी, रूकमणि माली, देवी गुड्डी, पवन सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

# 21 मार्च को ईशर-गणगौर की निकाली जाएगी सवारी

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित राजपूत धर्मशाला में बुधवार को ईशर-गणगौर महोत्सव को लेकर श्री क्षत्रिय कल्याण समिति के सौजंय से राजपूत समाज की बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणसिंह शेखावत ने की। बैठक के दौरान 21 मार्च को सर्व सम्मति से ईशर-गणगौर की नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सवारी निकालने का निर्णय लिया।

समिति महामंत्री श्याम सिंह चौहान ने बताया कि बैठक के दौरान ईशर-गणगौर महोत्सव को लेकर चर्चा की गई, जिसमें 21 मार्च को केसीसी टाउनशीप के मुख्य मार्गो से होते हुए ईशर-गणगौर की साही सवारी निकालने का निर्णय लिया साथ ही अलग-अलग कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर रविंद्र सिंह, शंकर सिंह, दिलीपसिंह शेखावत, रामवीर सिंह सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महंगाई की मार से त्रस्त आम जनता : विधायक श्रवण कुमार

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** बढ़ती महंगाई व मौजूदा गैस सिलेंडर की बढ़ाई गई कीमत से त्रस्त आम जनता ने बुधवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी सूरजगढ़ द्वारा सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि देश की जनता गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में लगी हुई है। केंद्र की भाजपा सरकार लगातार खाद्य सामग्री सहित अन्य वस्तुओं के मूल्यो में बढ़ोतरी कर रही है जिससे आम जनता परेशान है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव नीतू वर्मा ने कहा कि अब भाजपा सरकार से आम जनता ऊब चुकी है। रसोई गैस के सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि कर भाजपा सरकार ने जन विरोधी होने का परिचय दिया है। धरना प्रदर्शन को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, पिलानी विधायक प्रत्याशी रहे रामस्वरूप आसलवासिया, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव एडवोकेट हवासिंह चौहान, रविदत्त गुरू, पालीराम मुंशी, एडवोकेट मदन सिंह राठौड़ सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व पालिका उपाध्यक्ष राजकुमार गोदारा, नगर कांग्रेस महासचिव संगठन सांवरमल सैनी, निवर्तमान पार्षद सज्जन सैनी, पूर्व सरपंच बलबीर राव, सिंघाना नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डीपी सैनी, सिंघाना ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, पूर्व पार्षद रामजीलाल सैनी, विजय चंदेलिया, पंचायती राज कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू चौधरी, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज गुरावा, पूर्व पार्षद संजय चौधरी, रघुवीर सिंह डैला, पूर्व सरपंच राजकरण भड़िया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश गोदारा, वैद्य अनिल जांगिड़, विमल छाबड़िया, कपिल शर्मा, जोगेंद्र यादव, प्रभु बावरिया, चिरंजीलाल बड़गुजर, मास्टर फूलचंद बड़सीवाल, बनवारी लाल चेतीवाल, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रविकांत यादव, सरपंच प्रतिनिधि डॉ सुखबीर सिंह, पूर्व पार्षद मदनलाल सैनी, जसवंत मेघवाल, पूर्व एएसआई हुक्मीचंद, मुकेश खान, नवीन शर्मा, रोशन सैनी, अयूब खान, जुगल किशोर चेतीवाल, मुकेश फुलवरिया, पूर्व पार्षद राजेंद्र नायक, रवि शर्मा, मुकेश लुगरिया, रफीक खान, रघुवीर स्वामी, मनोज चांवरिया, जयसिंह चेतीवाल, जगदीश लवानिया, असलम लुहार, मोजुद्दीन, असलम राईन, संजय छापड़िया, वाशिम, अजय लुगरिया सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईरान-अमेरिका-इजराइल तनाव के बीच गूंजे शांति के मंत्र, बटुकों ने दी आहुति

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच क्षेत्र में शांति और सद्भाव का अनूठा संदेश देखने को मिला। स्थानीय श्री सप्तर्षि वेदवेदाङ्ग ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में शांति यज्ञ और शांति पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य के सानिध्य में छोटे-छोटे बटुकों ने हवन कर विश्व शांति की कामना की। भारत, जिसे भगवान श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और महात्मा गांधी जैसी महान विभूतियों की भूमि माना जाता है, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस यज्ञ के माध्यम से विश्व को शांति का संदेश दिया गया। यज्ञ के दौरान आचार्यों और बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत आहुतियां दी। पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और उपस्थित लोगों ने एक स्वर में विश्व में अमन-चैन की प्रार्थना की। आचार्य बालकिशन कौशिक ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह यज्ञ मानव कल्याण, आपसी भाईचारे और विश्व शांति के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं होता बल्कि संवाद और सहयोग से ही स्थायी शांति संभव है। संस्था अध्यक्ष हुलासमल व्यास और मदनलाल शर्मा ने बताया कि यज्ञ के माध्यम से सभी देशों के बीच बढ़ते तनाव के समाप्त होने और मानवता की रक्षा की प्रार्थना की गई। इस दौरान छोटे-छोटे बटुकों द्वारा किए गए शांति पाठ ने सभी को भावुक कर दिया। जब दुनिया युद्ध के माहौल से गुजर रही है, ऐसे समय में सरदारशहर से उठी शांति की ये आहुतियां उम्मीद की एक नई किरण बनकर सामने आई हैं।

# छात्राओं को साइकिल वितरण, चेहरे खिले

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राउमावि ढाणी पांचेरा में कक्षा-9 में अध्ययनरत छात्राओं को राज्य सरकार की योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य कैलाश गंडास के नेतृत्व में समस्त स्टाफकी उपस्थिति में सामूहिक रूप से आयोजित हुआ। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने सरकार की इस पहल के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य सुरेन्द्र कस्वां ने अपनी कविता जगदीश हाळो फूलियो जद, साइकल ले चालै, म्हारो घरां बैठ्यां को काळजो जोर-जोर स्यूं हाळे का सस्वर पाठ किया, जिसे सुनकर उपस्थित जनों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। प्राचार्य कैलाश गंडास ने छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पवन पारीक एवं रजनी ज्याणी ने किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक भी मौजूद रहे।

# बसेरा की एएसआई पद पर हुई पदोन्नति, बेटियों से वर्दी पर लगवाया स्टार



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सरदारशहर निवासी संजय कुमार बसेरा राजस्थान पुलिस में पिछले 27 वर्षों से कार्यरत है। संजय कुमार बसेरा की हेड कांस्टेबल से एएसआई पद पर पदोन्नति हुई हैं। एएसआई पद पर पदोन्नति होने के बाद संजय कुमार बसेरा ने अपने निवास स्थान पर अपनी दो बेटियों स्वीटी चौधरी और प्रांजल चौधरी से वर्दी पर स्टार लगवाया। संजय कुमार बसेरा की दोनों बेटियों स्वीटी चौधरी और प्रांजल चौधरी ने अपने पिता की वर्दी पर स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपने पिता को एएसआई बनने की बधाई दी। वही संजय कुमार बसेरा की एएसआई पद पर पदोन्नति होने के बाद उन्हें अपने साथी पुलिसकर्मियों सहित जिलेवासी जमकर बधाई दे रहे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

वही आपको बता दे की एएसआई संजय कुमार बसेरा चूरू पुलिस लाइन में लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए चूरू एसपी द्वारा गठित की गई विशेष टीम के प्रभारी है। इनके द्वारा अब तक 350 से ज्यादा लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन अपराधियों में कई बड़े हिस्ट्रीशीटर और इनामी अपराधी भी शामिल है।

एएसआई संजय कुमार बसेरा को उनके कार्यकाल में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए डीजी डिस्क से भी सम्मानित किया जा चुका है। एएसआई संजय कुमार बसेरा ने सभी का आभार प्रकट किया है।

# चैत्र नवरात्रि आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में चैत्र चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च गुरुवार से श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ होंगे। पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्रि की शुरुआत शुक्ल योग और सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रही है, जिसे अत्यंत शुभ माना गया है। नौ दिवसीय यह पर्व 27 मार्च को संपन्न होगा। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा का आगमन पालकी में होगा, जो शुभ संकेत माना जाता है और इससे सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। शहर में घर-घर घटस्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाएगी। चैत्र नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की विधि-विधान से पूजा होगी।

### शुभ मुहूर्त में होगी घटस्थापना

घटस्थापना के लिए शुभ मुहूर्त प्रातः 6:30 बजे से 8:06 बजे तक, इसके बाद 11:02 बजे से 3:33 बजे तक तथा अभिजीत मुहूर्त में 12:08 बजे से 12:56 बजे तक रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु अपने घरों में कलश स्थापना कर पूजा आरंभ करेंगे।

### घर-घर होंगे धार्मिक अनुष्ठान

चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापनाए हनुमत ध्वज स्थापना और दुर्गा सप्तशती के पाठ का विशेष महत्व बताया गया है। इन अनुष्ठानों से घर में सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### अष्टमी और रामनवमी 26 को

चैत्र नवरात्रि के दौरान 26 मार्च को अष्टमी व्रत, कन्या पूजन और रामनवमी महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन मंदिरों और घरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# हिंदू नव वर्ष पर 55 मंदिरों में 55 हजार दीपों से होगी महाआरती



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में हिंदू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा को इस बार व्यापक स्तर पर उत्साह और आस्था के साथ मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के तत्वावधान में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। संस्थान के प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विशेष अभियान के तहत 11 हजार श्धर्म योद्धा तैयार किए गए हैं। ये धर्म योद्धा शहर की कॉलोनियों, नगरों और बस्तियों में जाकर लोगों को हिंदू नव वर्ष मनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के अंतर्गत चार स्थानों पर गज वंदन, सात स्थानों पर सामूहिक सूर्य वंदन तथा 50 से अधिक स्थानों पर सामूहिक महाआरती आयोजित की जाएगी।

### घर-घर पहुंचा नव संवत्सर का संदेश

धर्म योद्धाओं की 1100 टोलियां बनाकर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में भेजा गया है। ये टीमें घर-घर जाकर नव संवत्सर के स्टीकर, पत्रक एवं ओम अंकित पताकाएं वितरित कर रही हैं। अब तक करीब 26 हजार मकानों पर पताकाएं लगाई जा चुकी हैं।

### 55 मंदिरों में महाआरती

गुरुवार को शहर के 11 जोनों के 55 से अधिक मंदिरों में सामूहिक महाआरती का आयोजन होगा। प्रमुख स्थानों में हीरापुरा का रजनी विहार मंदिर, मालवीय नगर केलिगिरी रोड स्थित शिव मंदिर, गोपालपुरा का शांति विहार शिव मंदिर, गोविंद नगर शिव मंदिर तथा भांकरोटा का शिव मंदिर शामिल हैं। हर मंदिर में 1100 दीपकों से आरती की जाएगी। इस प्रकार कुल मिलाकर 55 हजार से अधिक दीपकों से भव्य महाआरती का दृश्य सजेगा।

### प्रभात फेरियों का आयोजन

हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरियां भी निकाली जा रही हैं। गुरुवार को हीरापुरा स्थित रजनी विहार में विशेष प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# स्टार्टअप जागरूकता कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजकीय कला महाविद्यालय, कटराथल के डिस्ट्रिक्ट इंक्यूबेशन सेंटर में बुधवार को छात्रों के लिए स्टार्टअप एवं नवाचार पर विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में एसीपी विनोद कुमारी (डिवीजन इंक्यूबेटर, चूरू) ने कार्यक्रम में सहभागिता की । उन्होंने स्टार्टअप की परिभाषा, पारंपरिक व्यवसाय से अंतर, आइडिया जनरेशन की तकनीकों, चुनौतियों तथा राजस्थान सरकार के पैजंतज प्रोग्राम की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि आई-स्टार्ट युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करता है।

कार्यक्रम में सूचना सहायक नरेश कुमार ने आई-स्टार्ट राजस्थान पोर्टल की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने छात्रों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, उपलब्ध सुविधाओं एवं फंडिंग के लाभ उठाने की प्रक्रिया समझाई। आई-स्टार्ट नोडल ऑफिसर डॉ जेडी सोनी ने स्वरोजगार एवं नवाचार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉण् राजेंद्र कुमार ने शिक्षा के साथ उद्यमिता के महत्व पर बल दिया। कार्यशाला में डॉ सुनील ढाका आई-स्टार्ट नोडल, डॉ मेजर अशोक बुर्दक सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों की स्टार्टअप संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# सुरक्षित होगी पिंक सिटी : चासीस हजार कैब-ऑटो में एसओएस की सुविधा

निसं





**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में कैब और ऑटो में सफर करने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने एक बड़ी पहल की है। जयपुर पुलिस ने ओला कैब एप्लीकेशन में एसओएस इमरजेंसी कॉल बटन को सीधे राजस्थान पुलिस के अभय कमांड सेंटर से जोड़ दिया है। अब सफर के दौरान किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर बटन दबाते ही पुलिस तुरंत मौके पर मदद के लिए पहुंचेगी। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि हाल के दिनों में डिलीवरी बॉयज और कैब ड्राइवरों द्वारा मारपीट, लूटपाट और चोरी जैसी गंभीर वारदातों को देखते हुए यह नवाचार किया गया है। इस प्रथम चरण में प्रदेश के करीब एक लाख वाहनों को इस सिस्टम से जोड़ा गया है। इनमें जयपुर शहर के करीब चालीस हजार वाहन कैब, बाइक और ऑटो शामिल हैं। इसके अलावा सीकर, अलवर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा और जोधपुर के वाहनों को भी इस सुरक्षा कवच के दायरे में लाया गया है। वहीं इस अभियान के नोडल अधिकारी और डीसीपी जयपुर दक्षिण राजर्षि राज के निर्देशन में पुलिस ने पहले ही ड्राइवरों की कुंडली खंगालना शुरू कर दिया था। जहां शहर के 7 हजार 533 कैब ड्राइवरों का वेरिफिकेशन किया गया। जिनमें से 205 का आपराधिक रिकॉर्ड मिला। पुलिस ने इन्हें पाबंद कर कंपनियों को इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा है। साथ ही 16 हजार 436 डिलीवरी बॉयज फ्लिपकार्ट, जोमैटो आदि का डेटा आईसीजेएस पोर्टल पर चेक किया गया। जिसमें 38 का रिकॉर्ड संदिग्ध पाया गया है। जयपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एसओएस बटन का उपयोग केवल गंभीर सुरक्षा खतरों के समय ही किया जाए। यदि यात्री को पैसे के लेनदेन या राइड से जुड़ी कोई अन्य समस्या है तो उसे संबंधित कंपनी की लीगल टीम से संपर्क करना चाहिए। अनावश्यक रूप से बटन दबाने पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई सेवा प्रभावित हो सकती है।

# तीन दुकानों की छत पर लगी आग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय छापर रोड़ पर स्थित एक कार बाजार के कार्यालय व दो अन्य दुकानों की छत पर आग लग गई। दअसल तीन दुकानों की छत एक ही है और दुकानों की छत पर कोई कचरा या घास-फूस पड़ा था। जिसमें अचानक आग लग गई। बाद में आस-पास के लोगो ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत ये रही कि आग में कोई घायल नहीं हुआ और समय रहते ही इस पर काबू पा लिया गया।

# ओम न्यू ग्लोबल स्कूल की छात्रा का नवोदय में चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ओम न्यू ग्लोबल स्कूल पृथ्वीपुरा रोड श्रीमाधोपुर की छात्रा इशिका मीणा पुत्री राजेंद्र कुमार मीणा निवासी हाँसपुर का नवोदय विद्यालय पाटन में सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में चयन हुआ है । विद्यालय परिवार द्वारा बुधवार को छात्रा एवं उसके पिता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ, बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय स्टाफ, नीरज सर और अपने चाचा जीवन राम मीणा अध्यापक को दिया है। यह जानकारी देते हुए संस्था के डायरेक्टर मोती लाल सैनी ने बताया कि इस विद्यालय से लगातार 3 वर्षों से नवोदय विद्यालय में बच्चों का चयन हो रहा है।

# ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के राजस्थान खिलाड़ियों का चयन 15 अप्रैल से

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग सीजन-1 नॉर्थ जोन के लिए राजस्थान के खिलाड़ियों के लिए 15 अप्रैल 2026 से चयन शुरू होगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के चेयरमैन सोमनाथ गाबा, आयोजक रवि कुमार गाबा एवं हरिपुर यमुना नगर के विनय कंबोज ने बताया कि इस लीग का आयोजन 16 जून से 21 जून के बीच समाना बाहु कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। जिसमें राजस्थान सहित हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों का उद्देश्य इस लीग को नॉर्थ जोन की एक प्रमुख टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में स्थापित करना है। लीग के पोस्टर और जर्सी का अनावरण करने के बाद आकाश चोपड़ा ने खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए तथा लीग के शुभारंभ की घोषणा की। उनकी उपस्थिति से इस कार्यक्रम का उत्साह और भी बढ़ गया और युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली। आयोजकों का कहना है कि इस लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच मिलेगा तथा खेल के प्रति युवाओं में उत्साह को भी बढ़ावा मिलेगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के माध्यम से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। चीफगेस्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि किसी खिलाड़ी मे अगर हुनर है तो उसे एक मंच मिलेगा। आजकल टेनिस क्रिकेट को लेकर जैसा क्रेज और पैशन लोगों में पाया जा रहा है वो किसी से छुपा नहीं है। ऐसे मे ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग का आयोजन बहुत से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सपना पूरा करने वाला है।





# केशवानन्द कॉलेज में नवसंवत्सर का आगाज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी कॉलेज भढाढर सीकर में हिन्दी मास के नववर्ष के आगमन की पूर्व संध्या पर रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं के आठ ग्रुप बनाये गए जिसमें अंशु, सोनम, आइना, निकिता, माया के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय व तृतीय स्थान बबीता व अवंतिका ग्रुप ने प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अभिलाषा प्रथम स्थान पर व द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनूसूया व बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आइना रही। कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने बताया कि विक्रम संवत् 2083 के आगमन की पूर्व संध्या पर जो कार्यक्रम हुआ है वह हमारी भारतीय पुरातन संस्कृति को संजोता है। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि नववर्ष जो हमारे अन्दर नई ऊर्जा का संचार करता है तथा हम सभी नववर्ष में नये लक्ष्यों के साथ अपना शत प्रतिशत देवे तभी हम अपने मुकाम में सफल होंगे। इस अवसर पर चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह, पॉलिटेक्निक प्राचार्य जगदीश सोलंकी, नर्सिंग प्राचार्य महेश कुमावत, विद्यालय प्राचार्य डॉ विजेन्द्र सिंह सहित महाविद्यालय प्रबंधन ने नववर्ष की बधाईयां व शुभकामनाएं प्रेषित की।

# नेशनल टीचर्स ओलंपियाड में बिरला शिशु विहार की जोशी रही अव्वल

निसं



**पिलानी ( नवयत्न )।** नेशनल टीचर्स ओलंपियाड में कस्बे के बिरला शिशु विहार विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका हेमा जोशी ने बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया जानकारी के अनुसार पिछले दिनों आयोजित नेशनल टीचर्स ओलंपियाड में कस्बे स्थित बिरला शिशु विहार विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका हेमा जोशी ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है जोशी को प्रतिस्पर्धा में राजस्थान प्रदेश में प्रथम स्थान जबकि अखिल भारतीय स्तर पर 85वीं रैंक प्राप्त हुई है। स्टार अकादमी द्वारा आयोजित नेशनल टीचर्स ओलंपियाड में भाग लिया था। हेमा जोशी की गौरवशाली उपलब्धि पर बिरला शिक्षण संस्थान के निदेशक जनरल से नायर तथा बिरला शिशु विहार विद्यालय प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने हेमा जोशी की सराहना करते हुए जोशी के शैक्षणिक नवाचारों को विस्तार से समझाया उन्होंने अन्य शिक्षकों से भी हेम जोशी से प्रेरणा लेकर शैक्षणिक जगत में योगदान करने की अपील की। गौरतलब है कि हेमा जोशी इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्पर्धा में अपने शैक्षिक नवाचार के बल पर कई पुरस्कार जीत चुकी है।

# रोटरी शतरंज प्रतिस्पर्धा कल व द्वितीय पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता 27 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कसेरा व सचिव अमित गिनोडीया ने जानकारी देते हुए बताया कि क्लब की और से 20 मार्च,2026 शुक्रवार को सुबह 9 बजे से चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में श्रोटरी शतरंज प्रतिस्पर्धा 2026 का आयोजन किया जायेगा । इस निःशुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है, पहला ग्रुप (अ) जिसमे 14 वर्ष तक के लड़के, लडकियाँ भाग ले सकते है, दूसरा ग्रुप में 18 वर्ष तक के लड़के व लडकियां भाग ले सकते है। शतरंज प्रतियोगिता में प्रविष्ठि जमा कराने की अंतिम तिथि 17 मार्च थी। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन गिरिराज कयाल, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन दीनदयाल सतीजा व मुकेश व्यास नियुक्त किये गए है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा दोनों वर्गों के विजेता व उपविजेताओ को मेंमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। वहीं 27 मार्च,2026 शुक्रवार को सुबह 10 बजे से चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में पुरुष एकल गायन द्वितीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

इस निःशुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है. पहला ग्रुप जिसमे 18 वर्ष तक के लड़के भाग ले सकते है, दूसरा ग्रुप में 18 वर्ष से उपर के लड़के/पुरुष भाग ले सकते है। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंकिलन, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन सुरेश कुमार चोटिया व सागर मल शर्मा बनाये गए है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा दोनों वर्गों के विजेता व उपविजेताओ को मेंमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा।

# बेटियों की समय पर शादी के बारे में हुई चर्चा



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति राजस्थान की सुजानगढ़ शाखा की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सत्संग भवन के प्रांगण में करनीदान मंत्री के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में प्रमिला राठी, संतोष खंडेलवाल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। महिला संभाग को विशेषता से समिति के निर्देशानुसार प्रचार-प्रसार में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी को एकजुट होकर बेटी की शादी समय से करने एवं आगे की पढ़ाई ससुराल वालों द्वारा कराई जावे, इस बात पर संस्था का बैनर लगाकर अनेकों धार्मिक कार्यक्रमों में एवं स्कूलों कॉलेजों में प्रचार प्रचार की जरूरत बताई गई। बैठक में सांवरमल भोजक, गोविंद राम, मदन गोपाल सोनी, नारायण बेदी, प्रमिला राठी, चंद्रप्रभा सोनी, स्वाति शर्मा, संतोष खंडेलवाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष पूनमचंद सारस्वत ने आभार जताया।

# 15 छात्राओं को मिली साइकिल



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत की शहीद धर्मपाल सैनी राउमावि में मंगलवार को राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल योजना के तहत 9वीं क्लास की 15 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम धर्मपाल गुर्जर थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में गोठड़ा सरपंच सरती देवी, सुनीता पायल, हरिराम गुर्जर, बबलू अवाना, नासिर हुसैन, धुकलराम कुमावत, भामाशाह भंवरलाल शर्मा, सेवानिवृत अध्यापक भामाशाह महेंद्र धायल मौजूद थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा ने की। अतिथियों ने शहिद धर्मपाल सैनी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पूनम धर्मपाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही योजनाएं सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को शिक्षा के लिए समय की बचत होगी और वे शिक्षण कार्य में अधिक समय दे सकेंगी। प्रधनाचार्य सुभाष चनेजा ने बताया कि कक्षा नौ की 15 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई है, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क साइकिल वितरण योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं को स्कूल तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साइकिल लेकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर पूर्व अध्यापक भामाशाह महेंद्र धायल द्वारा स्कूल को डेढ़ लाख रुपए रसोई निर्माण के लिए भेंट करने पर मुख्य अतिथि पूनम धर्मपाल गुर्जर ने सम्मान किया। इस मौके पर एडवोकेट देवनारायण गुर्जर, संदीप, जितेंद्र कुमार, हरीश बुंदेला, होशियार सिंह, सुभाष खरडियो, श्रवण, शबनम, निर्मला, सनोबर, शीला, कविता सहित स्कूल स्टॉफ एवं अभिभावक मौजूद थे। संचालन महिपाल वर्मा ने किया।

# अमावस्या पर गायों को एक गाड़ी सुखा और हरा चारा वितरित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति के तत्वावधान में अमावस्या तिथि बुधवार को भम्भौरिया स्थित श्री ठाकुरजी गौशाला में गायों को एक गाड़ी सूखा चारा एहरा चारे सहित गुडए खल आदि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गौ भक्तों ने अपना श्रम दान किया गया। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार टेलर ने बताया कि हर माह की भांति इस बार भी बुधवार अमावस्या तिथि पर भम्भौरिया स्थित श्री ठाकुरजी गौशाला में एक गाड़ी हरा, सूखा चारा समिति की ओर से भेंट में दिया गया। इसी के साथ गायों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए गुड और खल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौशाला प्रभारी गौ भक्त कैलाश चंद्र शर्मा का दुप्पटा व मूवमेंटो देकर स्वागत किया गया। गौशाला प्रभारी कैलाश चंद्र शर्मा का स्वागत समिति के उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, अरुण शर्मा, अशोक प्रजापत व रामफूल बैरवा ने किया। इसी के साथ समिति के सक्रिय सदस्य कन्हैया लाल लुगरिया को भी दुप्पटा व मूवमेंटों देकर सम्मानित किया गया। समिति के अरविंद टेलर,सुरेंद्र बैरवा, गणेश नारायण बैरवा, ने किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

चारे वितरण कार्यक्रम में हनुमान सहाय, विष्णु शर्मा, भंवर लाल बैरवा, संजय मीणा, मेघराज, किशोरी लाल, राशीद, सुनील कुमावत, विजेंद्र व समिति के सभी सदस्यों ने श्रमदान किया।



# सैंकड़ों रोजेदारों ने एक साथ खोला रोजा

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लीलगरान मस्जिद के पास यंग नौजवान कमेटी लीलगर समाज द्वारा रोजा इफ्तार की दावत का आयोजन किया गया। निवर्तमान पार्षद आसिफ अली चैहान ने बताया कि दावत में पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, कांग्रेस नेता इदरीश गौरी, पूर्व सभापति हाजी सिकन्दर अली खिलजी, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक, डॉ. लियाकत अली, समाज के सदर हसन भाटी, रामनारायण रूलाणिया, जगदेव बेड़ा, रेखाराम मेहरड़ा, बजरंग सैन, डॉ. एस के छाबड़ा, सलीम खुड़ीका, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष फारूक भूट्टा, इमरान खांए साकिर खान बैसवा आदि ने शिरकत की। दावत में सैंकडें रोजेदारों ने मुल्क व दुनियां में अमन, चैन के लिए दुआ की और रोजा खोला।



## रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के निकटवर्ती गाँव ढाणी छत्तूसिँह निवासी स्वर्गीय योगेंद्र सिंह राठौड़ की द्वितीय पुण्यतिथि पर कस्बे के एमके मल्टीस्पेशललिस्ट क्लिनिक में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों युवाओं ने हर्षोल्लास के साथ रक्तदान किया। स्व. योगेंद्र सिंह के पिता प्रतापसिंह, मोहरसिंह राठौड़, कुलदीप बीका व करणी सेना के तहसील अध्यक्ष योगेंद्र के भाई शैलेन्द्र सिंह राठौड़ ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 235 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। चूरू के भरतिया ब्लड बैंक व स्वास्तिक ब्लड बैंक की टीम ने शिविर में सेवाएं दी। आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर नायब तहसीलदार बजरंग सिंह, धर्मवीर सिंह राठौड़, कानूसिंह, सतपाल, राकेश शर्मा, संजय पंवार, गिरवर सिंह, अमित मित्तल, प्रदीप सिंह ढाढर, नरेश चौधरी, योगेश वर्मा, कृष्ण भाकर, अमितसिंह न्यागली, नरेश कुलरिया, रणजीत सिंह, सतपालसिंह, वीरबहादुर राठौड़, अर्जुन सिंह, विजेन्द्र सिंह, नरेश चौधरी, नरेंद्र सागवान, दाऊद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में अर्बन हाट में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, अधिकारों, आत्मनिर्भरता एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग राजेन्द्र कुमार चौधरी ने महिलाओं को विभागीय योजनाओं, सुरक्षा उपायों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जागरूकता ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें। डीपीएम राजीविका अर्चना मौर्य ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार समूह आधारित गतिविधियां महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करती हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से उपस्थित कार्मिक ने बताया कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायत्ता सेवाओं की जानकारी देते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। सहायक निदेशक प्रशासनिक सेवाएं इन्दिरा शर्मा ने महिलाओं को शिक्षा, जागरूकता एवं सामाजिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और उन्हें निरंतर सजग एवं शिक्षित रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में उत्साह एवं सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग एवं राजीविका के अधिकारी, कर्मचारी, साथिन एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## अहंकार का नाश और भगवान की शरण ही सच्ची सुरक्षा



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम गोरिसर की पावन धरा पर आत्रेय परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास कृष्णानंद महाराज ने प्रसंग में भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला, रास लीला और भक्तों की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज श्री ने बताया कि जब इन्द्र के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाया, तब यह संदेश दिया कि अहंकार का नाश और भगवान की शरण ही सच्ची सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहते हैं।

कथा के दौरान श्रद्धालु श्गोवर्धनधारी लाल की जयश् और श्राधे-राधे के जयघोष के साथ भक्ति में लीन हो गए। कथा में संत दयानाथ, बालक नाथ, जयप्रकाश ताम्रायत, मनोहर चौमाल, भंवरलाल-श्रीचंद आत्रेय, बलदेव इंदौरिया, हरिनारायण महर्षि, बजरंग लाल जांगिड़, वीरेंद्र आत्रेय, गणपतराम ख्यालिया, मांगीलाल इंदौरिया, विष्णुदत्त धर्ड, पन्नालाल आत्रेय, विनोद महर्षि, ओमप्रकाश राहड़ आदि सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भादू की दूसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** श्रीश्री 108 स्वामी कृपाचार्य महाराज के सान्धिय में स्वर्गीय शंकरलाल भादू की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर पूर्व सरपंच व उनकी धर्मपत्नि कैली देवी द्वारा फौजी मार्केट, कूदसू, नोखा में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य किसी जरूरतमंद रोगी को रक्त उपलब्ध करवाकर उसके जीवन को बचाना है। स्व. शंकरलाल भादू की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी कैली देवी, उनके पुत्र ओमप्रकाश, सम्पत फौजी, बनवारीलाल, बाबुलाल व रामकुमार द्वारा कुटिया धाम गौशाला में एक ऑफिस का निर्माण करवाया गया हैं। इसी प्रकार उनके पौत्र व पौत्री संदीप, सचिन व राजबाला के द्वारा गौशाला के मुख्य द्वार का निर्माण करवाया गया है।

इस अवसर पर इस कार्यक्रम के आयोजक सम्पत फौजी ने कहा कि रक्तदान एक सेवा नहीं बल्कि मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य हैं। इस शिविर के माध्यम से हम जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं। शिविर में 178 युनिट रक्तदान हुआ। नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा कि श्दूसरों के रक्त से जब बचती है अपनों की जानए तब समझ में आता है रक्तदान का महत्व। इसी प्रेरणादायक भावना को आगे बढ़ाते हुए समाज के लोगों, युवाओं व आमजन ने रक्तदान किया हैं। रक्तदान न केवल एक महादान है, बल्कि यह किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का सबसे सरल और महान माध्यम भी है। यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करे, तो किसी भी व्यक्ति को रक्त की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह एक ऐसा कार्य है जिसमें थोड़े से प्रयास से किसी के जीवन में नई आशा और जीवनदान दिया जा सकता है। किसी की जान केवल रक्त की कमी के कारण न जाए व जरूरत के समय हर व्यक्ति को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इसी भावना से रक्तदान शिविर जैसे पुण्यकार्य होते रहने चाहिए। रक्तदान एम्बेसडर व जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि एक महान सेवाकार्य व पुण्यकार्य भी है, जो किसी के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस सेवाकार्य के माध्यम से हम न केवल जरूरतमंद मनुष्य की सहायता कर सकते हैं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दे सकते हैं। आज के समय में अनेक लोग दुर्घटनाओं, बीमारियों और आपात परिस्थितियों के कारण रक्त की आवश्यकता महसूस करते हैं, और ऐसे में यदि समय पर रक्त उपलब्ध न हो तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

इसलिए यह हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम स्वेच्छा से रक्तदान कर मांग और आपूर्ति के अन्तर को कम करे और दोस्तो, परिवार और समुदाय के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में कथावाचक कन्हैयालाल पालीवाल प्रभुप्रेमी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष श्यामसिंह भाटी, क्षत्रीय सभा अध्यक्ष करणप्रतापसिंह सिसोदिया, पर्यावरणप्रेमी रामगोपाल बिश्नोई, रामरतन विश्नोई जियोलोजिस्ट म.प्र. सरकार, प्रेमरतन औझा आरजेएसए लक्ष्मण बिश्नोई आरजेएस, रामप्रताप बिश्नोई अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, हनुमान बेनिवाल तहसीलदार, आनन्दसिंह राठौढ़ हनुमानगढ़, एड. रामनिवास बिश्नोई, ओमप्रकाश बिश्नोई बैंक मैनेजर, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी रामचन्द्र खीचड़, मुरली गोदारा जिला सचिव, श्रीराम डेलू मण्डल अध्यक्ष, रामस्वरूप धारणीया, रिछपाल फौजी, सुभाष पंवार माडिया, सुभाष भाम्भू खारा, सुनिल भाम्भू, बृजलाल बेनिवाल, रामचन्द्र खीलेरी धरनोक सहित अनेक लोग सम्मलित हुए।

## वार्डवासियों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर पेश की मिसाल

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** शहर में सुव्यवस्थित यातायात एवं बेहतर आधारभूत सुविधाओं के विकास के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस लाइन रोड फाटक नंबर-2 से पुरोहितजी की ढाणी होते हुए शिव मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य सराहनीय रूप से प्रगति पर है। जोन प्लान के अनुसार इस मार्ग को 40 फीट चौड़ा करने के लिए पूर्व में ही निशानदेही की जा चुकी थी। इस अभियान की विशेषता यह रही कि क्षेत्र के वार्डवासियों ने प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग करते हुए स्वेच्छा से अपने-अपने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत कर दी। बिना किसी विवाद या विरोध के संपन्न हो रही यह कार्रवाई सामूहिक जिम्मेदारी, जागरूकता एवं जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी, जाम की समस्या से राहत मिलेगी तथा आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों एवं दैनिक आवागमन करने वाले नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस प्रकार वार्डवासियों द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाना न केवल सीकर शहर, बल्कि पूरे राजस्थान के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा है, जो यह दर्शाता है कि जनसहयोग से विकास कार्यों को सरल एवं सफल बनाया जा सकता है। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि शहर के विकास में आमजन की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस लाइन रोड क्षेत्र के वार्डवासियों ने जिस प्रकार स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर सहयोग किया है, वह सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि शहर के समग्र विकास को भी गति मिलेगी।




## ऊर्जा मंत्री का किया स्वागत

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अपने एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनू पधारे राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनू में भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि के नेतृत्व में प्रतीक चिह्न और बुके भेंट कर झुंझुनू जिले के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी जनता के बीच में जाए और उन्हें कहे कि कांग्रेस द्वारा फैलाई गई किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में चहुंओर विकास की गंगा बह रही है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई जनहित की योजना को प्रत्येक बूथ स्तर तक लेकर जाना है। इससे पहले जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि द्वारा उन्हें बुके भेंट कर और पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ के द्वारा प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया।

## छः न्याती ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में श्री छरू न्याती ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ की बैठक मनोहर दास समाधि के पीछे स्थित महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा यशोदा शर्मा के आवास पर बद्री प्रसाद बंसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संकीर्तन तथा उपस्थित जनों के परिचय के साथ शुरू हुई बैठक में अनेक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। बैठक में महासंघ पदाधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारीयों द्वारा शोक सभाओं में सामूहिक रूप से जाने, परिजनों की मृत्यु पर निमित्त ब्राह्मणों, परिजनो, सगा संबंधियों को ही ब्राह्मण भोजन में शामिल करने, मृत्यु के उपरांत घर के बाहर पलंग टांगने की प्रथा को बंद करने, मृत्यु उपरांत मृतक के चित्र पर माल्यार्पण व धूप अगरबत्ती न करने, सूतक में आगंतुकों को चाय व जलपान करवाने की प्रथा को बंद करने, मांगलिक अवसर पर बैठकर भोजन करवाने, भोजन थाली में झूठ नहीं छोड़ने, कमजोर परिवारों को संबल प्रदान करने सहित अनेक प्रस्तावों का बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन कर प्रस्ताव पारित किया। बैठक में अम्बीका प्रसाद हरित, उदय प्रकाश दाधीच, महेंद्र उपाध्याय,वैध लक्ष्मी नारायण शर्मा, सीताराम दाधीच, राम गोपाल शर्मा, जगदेव कुमार शर्मा, वासुदेव चाकलान, नवल महर्षि, ललीता व्यास, मुन्नी शर्मा तथा ममता परीक ने अपने उद्बोधन में अनेक प्रकार की सामाजिक कुरीतियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर ललिता व्यास को श्री छरू न्याति ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ की कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में पवन मंगलहारा, नारायण पीपलवा, योगेश मंडगीरा, सुनील, हेमंत, सुदामा, सरिता, मंजू सावित्री, सुनीता व मैना सहित अनेक महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को सुझाव एवं प्रस्ताव की अक्षरतरू पालन किए जाने की शपथ दिलाई गई। बैठक का संचालन रामदेव चंदनिया ने किया।

### कृषि महाविद्यालय में नवाचार कार्यक्रम आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में युवाओं में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संचालित आईस्टार्ट कार्यक्रम के तहत संभाग इनक्यूबेटर सेन्टर, चूरू द्वारा राजकीय कृषि महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ रविन्द्र बुडानिया ने नवाचार व उद्यमिता को अपनाने पर बल दिया। उपनिदेशक विनोद कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और उभरते हुए स्टार्टअप्स को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं, वित्तीय सहायता और इनक्यूबेशन सपोर्ट के बारे में जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने बताया कि स्टार्ट-अप को 60 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसमें 2.40/3.00 लाख तक का अनुदान आइडियाथॉन स्टेज पर दिया जाता है। स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्थापित आईस्टार्ट नेस्ट जिला इनक्यूबेशन सेन्टर चूरू के डोमेन अक्सपर्ट सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने आस-पास की समस्याओं के व्यवहारिक एवं तकनीकी समाधान के बारे में भी विचार करना चाहिए, ताकि भविष्य में आप नौकरी ढूंढ़ने वाले नहीं रहकर नौकरी प्रदान करने वाले बन सके। इस अवसर पर मेंटर जमील अहमद खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एसआई भर्ती परीक्षा 5-6 अप्रैल को, 7.70 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

### 41 शहरों में बनाए 1 हजार 174 केंद्र परीक्षा केंद्र

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में उप-निरीक्षक एसआई भर्ती परीक्षा 2026 को लेकर सरकार और प्रशासन ने कमर कस ली है। 5 और 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में करीब 7.70 लाख अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा को पारदर्शी और नकल विहीन बनाने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी ने श्जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं।

**41 शहरों में 1174 केंद्र, सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा**

आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा राज्य के 41 शहरों के 1174 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में आने वाले सभी साइबर कैफे और ई-मित्र केंद्र परीक्षा अवधि के दौरान पूरी तरह बंद रहेंगे। केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर सख्त पाबंदी होगी।

**नकल रोकने के लिए हाईटेक इंतजाम**

अभ्यर्थियों की सटीक पहचान के लिए इस बार बहु.स्तरीय सुरक्षा जांच होगी। साथ ही क्यूआर कोड युक्त प्रवेश पत्र : प्रवेश द्वार पर ही कोड स्कैन कर पहचान सत्यापित की जाएगी। वहीं प्रत्येक केंद्र पर पूरी परीक्षा प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में सक्रिय उड़नदस्ते लगातार केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। और संदिग्ध व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि डमी अभ्यर्थियों को रोका जा सके।

**प्रश्न पत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**

आयोग के सदस्य हेमंत प्रियदर्शिनी ने स्पष्ट किया कि पुराने अनुभवों से सीख लेते हुए इस बार सुरक्षा मानकों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। प्रश्न पत्रों के सुरक्षित भंडारण, परिवहन और वितरण के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को समयबद्ध समन्वय के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसकी योजना पूरी गंभीरता के साथ बनाई गई है। पर्यवेक्षी अधिकारियों का चयन भी विशेष मापदंडों के आधार पर किया गया है ताकि व्यवस्था चाक-चौबंद रहे।

**अधिकारियों को सख्त हिदायत**

संभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयं केंद्रों की निगरानी करें। किसी भी स्तर पर शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एमडी का कॉर्पोरेट किंग गिरफ्तार : राजस्थान-गुजरात तक फैला था जाल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में नशे के काले कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफने 7 साल से फरार और 40 हजार रुपए के इनामी तस्कर राजूराम उर्फराजेश 40 को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई 6 महीने लंबे ऑपरेशन जेंटल-मेंटल के तहत की गई, जिसे अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देशन और आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। आईजी विकास कुमार के अनुसार आरोपी को बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गय। जहां वह अपने परिवार से मिलने आया था और एक झोपड़ी में छिपा हुआ था। आरोपी राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में एमडी ड्रग्स की सप्लाई चेन का मुख्य सरगना बना हुआ था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने नशे के कारोबार को पूरी तरह कॉर्पोरेट ढांचे में संगठित कर रखा था। वह खुद को मार्केटिंग सीईओ बताता था, जबकि कोलकाता से पकड़ा गया तस्कर रमेश प्रोडक्शन हेड के रूप में काम करता था। नेटवर्क में फैक्ट्री मैनेजर और अकाउंटिंग हेड जैसे पद भी बनाए गए थे। राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, जालोर और सांचौर क्षेत्रों में उसकी एक दर्जन से अधिक एमडी फैक्ट्रियां संचालित होने की जानकारी सामने आई है। यहां से तैयार माल सीधे थोक विक्रेताओं तक पहुंचाया जाता था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अब तक करीब 100 करोड़ रुपए मूल्य का एमडी ड्रग्स बाजार में खपा चुका है। प्रति किलो एमडी पर करीब 15 लाख रुपए तक मुनाफा कमाया जाता था। करीब 12 साल पहले आरोपी ने अवैध शराब तस्करी से अपराध की दुनिया में कदम रखा थाए जहां उसे 15 हजार रुपए प्रति ट्रिप मिलते थे। बाद में अफीम और डोडा-चूरा तस्करी में जुड़कर कमाई बढ़ी और अंततः एमडी नेटवर्क से जुड़कर बड़ा तस्कर बन गया। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए गांव में मुखबिरों का नेटवर्क तैयार कर रखा था। सूचना मिलते ही वह खेतों के रास्ते फरार हो जाता था। तीन बार पहले भी पुलिस कार्रवाई के दौरान भाग निकलने में सफल रहा था। इस बार भी उसने एएनटीएफ को गुमराह करने के लिए अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में गुर्गों को भेज दिया और खुद झोपड़ी में छिपा रहा। पुलिस ने वाहन का पीछा करने के बजाय उसकी एक करीबी महिला मित्र पर नजर रखी, जो उसे खाना देने जा रही थी। इसी आधार पर लोकेशन ट्रैक कर टीम ने आरोपी को धर दबोचा। आरोपी तंत्र-मंत्र और जादू-टोने में गहरा विश्वास रखता था। वह हर अमावस्या पर उत्तराखंड के कैंची धाम और हरिद्वार जाता था। दो माह पूर्व हरिद्वार के पास एएनटीएफ से मुठभेड़ के दौरान भी वह भागने में सफल रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी का पिता होमगार्ड में तैनात है, लेकिन आरोपी ने इसी का फायदा उठाकर वर्षों तक पुलिस से बचाव किया। उसने अपने रिश्तेदारों को भी इस नेटवर्क में शामिल किया, जिसमें उसका बहनोई मांगीलाल फैक्ट्री मैनेजर के रूप में काम करता था। एएनटीएफने इस अभियान का नाम ऑपरेशन जेंटल-मेंटल आरोपी की दोहरी छवि के आधार पर रखा। वह सामाजिक रूप से खुद को ष्जेंटलष् दिखाता था, जबकि अपराध जगत में उसकी छवि मेंटल यानी असामान्य सोच रखने वाले व्यक्ति की थी। आईजी विकास कुमार के अनुसार राज्य में एमडी जैसे घातक नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा।

## नामदेव का मुंबई में हुआ सम्मान



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मुंबई में विगत दिवस को हुए एक कार्यक्रम में अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में आत्म निर्भर भारत अभियान के कार्यवाहक अध्यक्ष व भाजपा किसान मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार पाल ने सुरेद्र नामदेव को प्रतीक चिन्ह भेंट किया और ज्योतिष को लेकर उनके अनुभवए ज्ञान की सराहना की। कार्यक्रम में बॉलीवुड संगीतकार दिलीप सेन भी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

# इशिका गुर्जर को मिली चेहरे की खूबसूरती



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बालिका इशिका गुर्जर का सफल ऑपरेशन मेडी पल्स हॉस्पिटल जयपुर में नि:शुल्क किया गया। लाडनूं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शक्तिसिंह शेखावत के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के डॉ. राजाराम पांडर द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम खामियाद में स्क्रीनिंग करते हुए इस बालिका को चिह्नित किया गया था। बालिका के ऊपर का होंठ जन्म से ही कटा हुआ होने के कारण उसको खाना खाने और बोलने व आवाज निकालने में परेशानी आ रही थी। कटे होंठ से चेहरे की सुंदरता भी बिगड़ गई थी। इशिका के माता पिता ननिहाल खमियाद में ही रहते है। जब बच्ची एक माह की थी तब ऑपरेशन के लिए योजना में चिन्हित कर लिया गया था अब बच्ची लगभग 10 माह की हो चुकी है। जिसका नि:शुल्क सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ. शेखावत ने बताया कि खंड लाडनूं में राजकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी बच्चों की स्क्रीनिंग प्रतिवर्ष की जाती है उनके स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ ऐसे बच्चे जो ऑपरेशन से ठीक हो सकते हैं उनका नि:शुल्क ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत करवाया जाता है। इस सफलता के बाद परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए बीसीएमओ शेखावत और उनकी टीम का आभार जताया है।

# तरूण खटीक हत्याकाण्ड को लेकर सौंपा ज्ञापन



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** खटीक समाज सेवा संस्थान झुंझुनू द्वारा तरुण खटीक निवासी उत्तम नगर दिल्ली हत्याकांड मामले को लेकर जन आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली खटीकान मंदिर रोड नंबर 1 से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां तरुण खटीक को न्याय दो, तरुण खटीक के हत्यारे को फांसी दो के नारे लगाए गए और विरोध प्रदर्शन किए गए। संस्था के सचिव प्रदीप चंदेल ने बताया कि होली के त्योहार के दिन तरुण पर कुछ लोगों द्वारा हमला किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। इस मामले को लेकर खटीक समाज सेवा समिति सेवा संस्थान झुंझुनू ने राष्ट्रपति और राजस्थान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष राम सिंह नेहरा, शंभू दयाल नेहरा, मिथुन टाँक, पवन चंदेल, विनोद खन्ना, पवन नेहरा, अशोक नेहरा, पवन चावला विजय चावला, कृष्ण सांखला, प्रदीप चावला, रौनक चंदेल, शशिकांत नेहरा, कैलाश सांखला, बाबूलाल सांखला, योगेन्द्र कुण्डवाल, श्रीराम सैनी, पंकज टेलर, जयराज जांगिड़, ज्योति प्रकाश शर्मा, विजय और सर्व समाज के लोग मौजूद थे। ज्ञापन में ये मांगे रखी: तरुण खटीक की हत्या में शामिल लोगों की निष्पक्ष जांच कर दोषी लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें फांसी दी जाए। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाए। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। पीड़ित परिवार के सदस्यों को सुरक्षा दी जाए।

# ईद, गणगौर व रामनवमी पर्व को लेकर हुई सीएलजी बैठक



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आगामी त्यौहार ईद उल फित्तर, रामनवमी, गणगौर आदि को लेकर तारानगर थाना परिसर में बुधवार को सीएलजी व शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएसपी रोहित सांखला व थाना प्रभारी आरपीएस स्वाति बुरी ने सभी से शान्ति पूर्वक त्योहार मनाने व कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। सांखला व बुरी ने कहा त्यौहार हमें एकता शान्ति व भाईचारे का संदेश देते है इसलिए हमें शान्ति पूर्वक भाईचारे के साथ त्योहार मनाना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र से एक अलग ही संदेश जाए। इस मौके पर अमरसिंह चारण, अनूप खंडेलवाल, मो. तैयब, भंवरलाल दादरवाल, इमीलाल प्रजापत, हरी इंदौरिया, माणकचंद सैनी, चुन्नीलाल सैनी, रामावतार सैनी, अशोक जांगिड़, बाबू हुसैन कुरैशी, मोहरसिंह ज्याणी, एएसआई सुमेरसिँह मीणा, एसआई सत्यप्रकाश जांगिड़, हरिदान चारण, महेश चंद मीणा, महावीरसिँह, राजुसिंह, हुक्माराम, मोहरसिँह ज्याणी, हैड कॉंस्टेबल सुरेश, जितेंद्रसिँह, राजकुमार, राजू नायक, यातायात प्रभारी सुरजाराम, गौरीशंकर प्रजापत सहित पुलिस स्टाफ व सीएलजी के सदस्य मौजूद रहे।

# आरसीएचओ ने किया चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी सीकर डॉ विशाल सिंह ने बुधवार को जिला अस्पताल नीमकाथाना और सीएचसी गुहाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने जिला अस्पताल नीमकाथाना में स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट, शिशु गहन चिकित्सा इकाई, कंगा : मदर केयर यूनिट, प्रसावोत्तर जच्चा वार्ड, उजाला क्लिनिक और कोल्ड चैन डिपो की व्यवस्थाएं जांची। वही सीएचसी गुहाला में उन्होंने साफ सफाई, दवाओं और जांचों की समग्र उपलब्धता, वार्डों, लैबर रूम की व्यवस्थाओं, टीकाकरण, कोल्ड चैन प्वाइंट वैक्सीन संधारण का जायजा लिया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर चिकित्सा संस्थानों संस्थानों पर हाई रिस्क एएनसी रजिस्टर और एफसीएम रजिस्टर के संधारण, एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं और लैक्टेटिंग माताओं को अत्यंत लाभकारी एफसीएम इंजेक्शन लगाने, मीजल्स रूबेला उन्मूलन के लिए एक्टिव केस फाइंडिंग, सैंपलिंग, आयु अनुसार एमआर टीकाकरण करने, 14 वर्ष से 15 वर्ष 90 दिनों की बच्चियों के एचपीवी टीकाकरण, 25 मार्च से पूर्व हैड काउंट सर्वे की पूर्ण कर समस्त गर्भवती महिलाओं और जन्म से 16 वर्ष तक के समस्त नवजातों, शिशुओं, बच्चों और किशोर किशोरियों का यूविन पोर्टल पर प्री-रजिस्ट्रेशन करने, अन्य आरसीएच कार्यक्रमो सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डॉ पवन शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बाल एवं किशोर स्वास्थ्य और शिवप्रसाद, जिला कॉर्डिनेटर जेएसआई मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया

सपना शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग का बुधवार का दिन गर्भवती महिलाओं के नाम रहा। चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और चिकित्सकों ने उनको गर्भावस्था के समय स्वास्थ्य का खास ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन प्रदान किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि बुधवार 18 मार्च को जिले के मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया और चिकित्सकों ने गर्भवती के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9,18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। अस्पतालों में सोमवार को गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवीए सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच गई। वहीं विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके। इसके अलावा गर्भवती में खून की कमी पाए जाने पर उसे एफसीएम लगाकर लाभान्वित किया गया।

# चूरू महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिले की सांस्कृतिक विरासत को उत्सव रूप में मनाने के लिए आयोजित किए जा रहे चूरू महोत्सव-2026 की तैयारियां जोरों पर हैं। पंच गौरव योजना अंतर्गत चूरू जिला मुख्यालय पर बागला खेल मैदान में 19 से 21 मार्च, 2026 तक चूरू महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार, 19 मार्च, 2026 को सवेरे 07:30 बजे गढ़ परिसर से विरासत कार्निवल यात्रा शोभायात्रा के साथ चूरू महोत्सव का शुभारंभ होगा और दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी व सांस्कृतिक संध्या में लोक प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। चूरू महोत्सव 02 सत्रों में आयोजित होगा। प्रात: कालीन सत्र में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे मिसमिस्टर मिसेज चूरू प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एकल व समूह, स्पॉट शॉर्ट वीडियोश्रील प्रतियोगिता, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता, ऊंट सजावट प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, लोक गीत प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, साफा बांधना प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, स्पॉट पेटिंग प्रतियोगिता, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चंग-ढप प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा।

## सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

सायंकालीन सत्र में गुरुवार, 19 मार्च को सायं 6:15 बजे से शमा फोक म्यूजिक बैंड जैसलमेर द्वारा राजस्थान लोक संगीत, विश्व प्रसिद्ध ट्रम्पैट प्लेयर आमिर बिहाणी, क्रेजी हॉपर्स व बॉलीवुड सूफी फ्यूजन रॉक बैंड आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसी क्रम में 20 मार्च को सायं 6:15 बजे से चूरू की स्वर कोकिला कोक स्टूडियो फ्रेम भंवरी देवी व डिवाइन लाइव कन्सर्ट की प्रस्तुतियां होगी तथा 21 मार्च, 2026 को सायं 06:15 बजे से राजस्थानी लोक गायिका मरू कोकिला सीमा मीश्रा द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसी के साथ 23 मार्च, 2026 तक बागला खेल मैदान के सामने स्थित चूरू चौपाटी में एक जिला-एक उत्पाद मेला व राजसखी मेले का भी आयोजन किया जा रहा है।

## जिला कलक्टर ने लिया तैयारियां का जायजा

चूरू जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को उत्सव के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे चूरू महोत्सव-2026 को लेकर बुधवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बागला स्कूल खेल मैदान में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मंच व बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, बिजली, पेयजल, सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों व आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साफसफाई बनाए रखने, पार्किंग की उचित व्यवस्था करने तथा चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सेवाओं को भी सतर्क रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की संस्कृतिए कला और पर्यटन को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तैयारियों को समय पर पूर्ण करें। जिला कलक्टर ने स्वच्छता, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, छाया और आमजन की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। इस दौरान एसडीएम सुनील कुमार, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, मुदित तिवारी सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री गहलोत आज चूरू में

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत गुरुवार को चूरू आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत सायं 07:15 बजे झुंझुनू से प्रस्थान कर चूरू आएंगे तथा जिला मुख्यालय पर बागला स्कूल खेल मैदान में राजस्थान स्थापना दिवस एवं चूरू महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद रात्रि 10 बजे जैतारण के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 26 को आएंगे बैरवा, एमजेडी महाविद्यालय में करेंगे निर्माण कार्यों का लोकार्पण

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा व 26 मार्च को तारानगर आएंगे। बैरवा मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में भामाशाह ताराचंद गोयल की ओर से करवाए गए विकास कार्यों के लोकार्पण व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने बताया कि बेंगलुरु प्रवासी तारानगर निवासी भामाशाह ताराचंद गोयल की ओर से अपने पिता राधाकृष्ण भगत व मां नारायणी देवी भगत की स्मृति में कक्षा-कक्षों व जल कुंडों का निर्माण करवाया गया है जिसका लोकार्पण 26 मार्च को होगा। समारोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, पैरालिंपिक समिति अध्यक्ष देवेन्द्र झाझडिया, संत योगेश तपोवन, संत नागरदास तपोवन, प्रवासी प्रकोष्ठ संयोजक कुमार लाखेटिया, अग्रवाल सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, अग्रवाल सम्मेलन राष्ट्रीय चेयरमैन भामाशाह श्यामसुंदर चाचाण अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भामाशाह ताराचंद गोयल ने पत्नी विमी गोयल, पवन बंसल, महेन्द्र सरावगी के साथ महाविद्यालय पहुंचकर निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा लोकार्पण समारोह की तैयारियों पर चर्चा की। इस मौके पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# लोगों को दी विधिक जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार पीएलवी अशोक तिवाड़ी ने लाडनू बस स्टेण्ड एवं स्टेशन रोड पर लोगों को जागरूक किया। लोगों को नि:शुल्क कानूनी सलाह, सरकारी योजनाओं पेंशन, राशन कार्ड, प्रमाण पत्र का लाभ और न्याय दिलाने आदि के बारे में बताया गया। अशोक तिवाड़ी ने विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजना एवं कानूनी जानकारी दी।

# मोबाईल वैन के द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर के निर्देशानुसार एवं गीता पाठक, अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमाधोपुर निर्देशानुसार श्रीमाधोपुर न्यायक्षेत्र स्थित गावों में सचल विधिक सेवा केन्द्र एवं लोक अदालत मोबाईल का संचालन किया गया किया। एडीजे गीता पाठक ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर द्वारा निर्धारित रूट चार्ट अनुसार मोबाईल वैन वाहन का संचालन श्रीमाधोपुर न्यायक्षेत्र अन्तर्गत आने वाले स्थानों अनाज मंडी, मऊ, बागरिग्रावास मूण्डरू, घाटमदास वाली, लिसाडिया, आसपुरा व नांगल आदि तालुका न्यायक्षेत्र के अंन्तर्गत आने वाले ग्रामों एवं कस्बे में किया गया।

जिसमें पैनल अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा, अधिवक्ता रामकिशन सैनी व तालुका कर्मचारी बुद्धिप्रकाश सैनी पीएलवी अधिकार मित्र सुभाष कुमार मीणा द्वारा मोबाइल वैन वाहन के माध्यम से महिलाओं के कानूनी अधिकार, बालिका शिक्षा, दहेज प्रथा, पोस एक्ट, नालसा व रालसा स्कीम द्वारा संचालित स्कीमों जैसे पीड़ित प्रतिकर व नि:शुल्क विधिक सहायता, दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाली द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत व विशेष योग्य जन हेतु संचालित योजनाओं व राज्य सरकार आदि संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में प्रचार-प्रसार एवं विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

# शहरीकरण के दौर में सुनियोजित और सतत तरीके से हो शहरों का विकास : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को चूरू नगरपरिषद सभागार में डब्ल्यूआरआई वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट द्वारा श्सतत शहर और परिवहन सस्टेनेबल सिटीज एंड ट्रांसपोर्ट विषय पर एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का पर्यवेक्षण किया। इस कार्यशाला में जिले के तकनीकी अभियंताओं की क्षमता संवर्धन कैपेसिटी बिल्डिंग और आधुनिक शहरी नियोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि वर्तमान में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में शहरों का विकास सुनियोजित और सतत तरीके से होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए शहरों के नियोजित विकास के लिए तकनीकी अधिकारियों का अपडेटेड होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तकनीकी अधिकारी आधुनिक शहरी नियोजन के सिद्धांतों को अपनाकर शहरों को अधिक सुरक्षित, सुगम और नागरिकों के लिए अनुकूल बनाने की कार्ययोजना पर काम करें। उन्होंने शहरों में हरित क्षेत्रों के विकास, यातायात प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों की बेहतर डिजाइनिंग तथा नागरिकों की सहभागिता से शहरी विकास को मजबूत बनाने के तरीकों पर फोकस करने की बात कही। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला से प्राप्त सुझावों को चूरू शहर की वर्तमान और आगामी विकास योजनाओं में शामिल किया जाएगा, ताकि शहर के सार्वजनिक स्थानों को और अधिक उपयोगी बनाया जा सके। डब्ल्यूआरआई की प्रतिनिधि सीनियर मैनेजर सिद्धार्थ त्यागराजन, सीनियर प्रोग्राम एसोसियट हिमांशी कपूर एवं उनकी टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से तकनीकी अधिकारियों के एक नामांकित समूह को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने अन्य शहरों के सफल शहरी विकास प्रोजेक्ट्स के अनुभवों को साझा किया, जिससे स्थानीय परिस्थितियों में सुधार किया जा सके। किशोर-अनुकूल स्थान-शहर के सार्वजनिक स्थानों को किशोरों और युवाओं की जरूरतों के अनुरूप सुरक्षित और सुलभ बनाने के लिए एक साझा समझ विकसित करने तथा जलवायु-अनुकूल विकास पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान कैसे वर्तमान और भविष्य की शहरी परियोजनाएं श्पीपल-सेंट्रिक जन-केंद्रित और क्लाइमेट-रेजिलिएंट जलवायु-अनुकूल हो सकती हैं, इस पर चर्चा की गई। कार्यशाला में इस दौरान एसडीएम सुनील कुमार, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया तथा जिले के नगरीय निकायों के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे। संचालन एक्सईएन पूर्णिमा यादव ने किया।

# आज होगा बावलिया बाबा की प्राकट्य भवन हवेली का लोकार्पण

निसं




**बुगाला ( नवयत्न )।** आस्था, संस्कृति और इतिहास के संगम स्थल बुगाला धाम में आज एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। बहुप्रतीक्षित म्यूजियम का लोकार्पण आज भव्य समारोह के साथ किया जाएगा। अन्नपूर्णा आश्रम रघुनाथगढ़ महंत अमरदास के सानिध्य में गणेश नारायण चैरिटी ट्रस्ट के रतन सिंघानिया व आत्माराम शर्मा लोकार्पण करेंगे। इसे लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और बुगाला धाम नीले रंग की आकर्षक सजावट में रंगकर किसी उत्सव स्थल जैसा दिखाई दे रहा है। अरुण केडिया ने बताया कि प्राकट्य हवेली के लोकार्पण को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही थी। मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों और आसपास के क्षेत्रों को विशेष रूप से सजाया गया है।

नीले रंग की थीम पर की गई सजावट ने पूरे धाम को एक अलग ही पहचान दी है, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। जगह-जगह स्वागत द्वार, रंग-बिरंगी लाइटें और सजावटी झंडे इस आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा रहे हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर दूर-दूर से श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों के पहुंचने की संभावना है।

आयोजन के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन-संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहेगा। आयोजन समिति के सदस्यों का मानना है कि म्यूजियम के शुरू होने से बुगाला गांव को एक नई पहचान मिलेगी। यहां आने वाले श्रद्धालु न केवल दर्शन करेंगे, बल्कि म्यूजियम के माध्यम से क्षेत्र की धार्मिकए सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को भी करीब से जान सकेंगे। यह समारोह गांव के विकास और पहचान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पूरे गांव में इस आयोजन को लेकर गर्व और खुशी का माहौल है, और हर कोई इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने को उत्सुक नजर आ रहा है।

# रोजा इफ्तार एवं समाज भवन के लिए राशि भेंट

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय गली नंबर 6 में दईया परिवार द्वारा 27 वें रमजान के अवसर पर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर एक साथ सामूहिक इफ्तार की इस अवसर पर सभी ने मुल्क में अमन और चैन के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर तेलियान समाज भवन के विस्तार के लिए हाजी दीन मोहम्मद दईया एवं उनके सुपुत्र जाकिर कबाड़ी, पार्षद बाबूलाल दईया और अब्दुल सत्तार द्वारा समाज हित में सराहनीय पहल करते हुए भवन विस्तार के लिए 2 लाख 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भेंट की गई है। दईया परिवार द्वारा दी गई इस राशि से भवन के निर्माण और विस्तार कार्य को नई गति मिलेगी। समाज के लोगों का कहना है कि इस प्रकार के सहयोग से न केवल विकास कार्य तेज होते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने दईया परिवार के इस योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि हाजी दीन मोहम्मद दईया और उनके परिवार ने समाजसेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सांगानेर प्रताप नगर में 26 मार्च गुरुवार को श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव समिति सांगानेर के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा की सफलता के लिए मोती डूंगरी स्थित भगवान श्री गणेश जी को निमंत्रण देकर समिति के पदाधिकारी रविंद्र शर्मा के नेतृत्व में ब्रह्म प्रकाश शर्मा, दिलीप सिंह, रविकांत शर्मा, अशोक शर्मा, सूरज शर्मा, आदर्श दीक्षित, रिखव चंद जैन ने पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति के संयोजक ब्रह्म प्रकाश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा एवं विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। शोभा यात्रा श्री दहेलावास बालाजी मंदिर में संत महात्माओं के द्वारा 4:15 बजे वैदिक मंत्रोचार के द्वारा ध्वज पूजन कर शोभायात्रा को रवाना करेंगे। शोभा यात्रा देहलावास बालाजी से रवाना होकर कुंभा मार्ग, सेक्टर 8 के मुख्य बाजार, अजय मार्ग, काली माता मंदिर, भैरू सर्कल चौराहा शिवपुरी रोड, पिंजरापोल गौशाला, टोंक रोड होती हुई सांगानेर के स्थित त्रिपोलिया हनुमानजी के मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में बैण्ड बाजे की मधुर धुनों पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और वीर हनुमानजी के साथ सनातन धर्म से जुड़ी विभिन्न झांकियां सजाई जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख मार्गों पर व्यापार मंडलों एवं विभिन्न समाजसेवी संगठनों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। शोभा यात्रा में विभिन्न अखाड़ों के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

# मोदी भक्त से मारपीट करना पड़ा महंगा

## एक कांग्रेस कार्यकर्ता सहित दो गिरफ्तार



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में मोदी भक्त के साथ मारपीट करने के मामले में प्रशासन हरकत में आया और त्वरित कार्रवाई कर दो जनों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर क्षेत्र में 15 मार्च को स्वेत घटिका के पास आयोजित प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन के दौरान, पुतला जलाने का विरोध करने वाले 67 वर्षीय मोदी भक्त के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ता सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित क्षेत्र के निवासी 67 वर्षीय राकेश सोनी ने रिपोर्ट दी थी, कि 15 मार्च की दोपहर उसके साथ दो-तीन लोगों ने मारपीट की। प्रकरण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में मारपीट करने वाले लोगों को चिन्हित कर दो जनों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया तथा मौके पर मौजूद ट्रैकिक कर्मी को लाइन हाजिर किया गया है।

# चेटीचंड : जयपुर में दिखेगा सिंधियत का महाकुंभ निकलेगी शोभायात्रा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचण्ड महापर्व के रूप में गुरुवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। चेटीचंड पंखवाड़े अंतर्गत पिछले कई दिनों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रभातफेरियों एवं रैलियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। इसी उत्साह को चरम पर पहुंचाते हुए 20 मार्च को मानसरोवर क्षेत्र में जयपुर सिंधी समाज की अब तक की सबसे विशाल एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन मानसरोवर की समस्त संस्थाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं मुख्य संरक्षक दादा सुंदर ठाकुर के सानिध्य में आयोजित होगा। उनके मार्गदर्शन में निकलने वाली यह शोभायात्रा सिंधी संस्कृत, परंपरा एवं एकता का विराट प्रतीक बनेगी। चेटीचण्ड सिंधी मेला समिति जयपुर ग्रेटर के अध्यक्ष जयप्रकाश बूलचंदानी के नेतृत्व में इस महा-आयोजन की तैयारियां बुधवार को पूर्ण कर ली गई। समिति के महासचिव रमेश मोटवानी ने बताया कि शहरभर में आयोजित छोटे-बड़े कार्यक्रमों से बना उत्साह 20 मार्च को मानसरोवर की सडकों पर भव्य रूप में दिखाई देगा, जहां हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। शोभायात्रा के मुख्य समन्वयक शंकर सेवानी विभिन्न झांकियों एवं व्यवस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित कर रहे हैं, जिससे सिंधी सभ्यता की झलक पूरी भव्यता के साथ प्रस्तुत की जा सके। आयोजन की सफलता में समिति के पदाधिकारी श्याम कोरानी, महेश हरदासानी, मनोज कुमार आलवानी, लालचंद लेखवानी, हेमंत ठारवानी, संतोष धिरवानी, गोविंद तीर्थानी, गौरव आहूजा, जय निरंकारी एवं कमल भोजवानी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मातृशक्ति की ओर से सरिता कुलकर्णी एवं उनकी टीम शोभायात्रा के स्वागत, पुष्प वर्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रही है।

# पीसीपी प्री फाउंडेशन में डेजर्ट डायलॉग्स पॉडकास्ट आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर स्थित आईआईटी जेईई एवं नीट कोचिंग संस्थान पीसीपीए प्रिंस प्री फाउंडेशन कक्षा 6 से 10 में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा डेजर्ट डायलॉग्स पॉडकास्ट का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक व गौरवशाली विरासत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस पॉडकास्ट में विद्यार्थियों द्वारा राजस्थान की लोक परंपरा, संस्कृति, ऐतिहासिक पर्यटन स्थल, वेशभूषा, खान-पान आदि के बारे में रोचक व ज्ञानवर्धक संवाद प्रस्तुत किया गया। प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल भाषाई कौशल को विकसित करती हैं, अपितु व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास व रचनात्मकता को भी बढ़ावा देती हैं।

# पालिका की पूर्व वाइस चेयरमैन ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

## पीहर पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का लगाया आरोप

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी नगरपालिका की वाइस चेयरमैन रही सुनिता देवी ने बुधवार को अपने मकान में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतका के पीहर पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका सुनीता पत्नी गजेन्द्र नगरपालिका खेतड़ी की वाइस चैयरमेन थी।

मृतका के भाई अर्पित पुत्र राधाकिशन ने बताया कि उसकी बहन सुनिता का विवाह 13 नवंबर 2013 को खेतड़ी निवासी गजेन्द्र के साथ हुआ था। इस दौरान शादी में उसके पिता के 40 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के बाद से सुनिता को ससुराल पक्ष के पति गजेन्द्र, सास सज्जना, ससुर सोहनलाल, ननद सुनिता, जेठ पवन कुमार खुश नहीं थे। दहेज के लिए उसकी बहन को प्रताड़ित किया जाने लगा तथा स्कार्पियो व 11 लाख रुपए लाने के लिए कहा जाने लगा। मृतका सुनिता ने 2021 में पार्षद का चुनाव लड़ा तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे प्रताड़ित कर पीहर से तीन लाख रुपए मंगवाए गए।

इसके बाद उनकी रूपयों को लेकर इच्छाएं बढ़ती गई तथा उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि गजेन्द्र के जयपुर में एक लड़की से अवैध संबंध थे, उस लड़की से गजेन्द्र वीडियो काल पर बात करता था तथा वह लड़की उसकी बहन को जान से मारने की धमकी देते थे। 13 फरवरी 2026 को मृतका के पीहर में शादी का कार्यक्रम था तो सुनिता व गजेन्द्र शादी में गए थे। इस दौरान गजेन्द्र ने वहां झगड़ा किया तथा शराब पीकर उसकी बहन के साथ मारपीट करता था। दो-तीन दिन पहले सुनिता ने अपने पिताजी को फोन कर यहां से ले जाने की बात कही थी तथा नहीं ले जाने पर जान से मारने की जानकारी दी थी। बुधवार को सुनिता के साथ मारपीट कर पंखे से लटका कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। थानाधिकारी ने बताया कि पीहर पक्ष की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मृतका के शव को राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। देर शाम को पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया तथा मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# रंगरसिया 2026 : लीनेस बहनों ने बिखेरे उत्साह के रंग



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ऑल इंडिया लीनेस सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट आरएम-1 स्वयंसिद्धा का प्रांतीय होली मिलन समारोह व सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह श्रंगरसिया 2026 का आयोजन जयपुर में लीनेस क्लब जयपुर ब्लू डायमंड के मुख्य आतिथ्य में विन सिग्नेचर प्राइम बाय वेस्टा, वैशालीनगर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ तथा अनामिका द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। प्रांतीय उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजका शकुन्तला विजयवर्गीय ने सभा प्रारंभ की घोषणा कीए वहीं कार्यक्रम सह संयोजका सरिता विजयवर्गीय द्वारा ध्वज वंदना, मौन प्रार्थना एवं राष्ट्रगान संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत पुष्प एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्षा सीमा अग्रवाल, उद्घाटनकर्ता युवा उद्योगपति प्रकाश पोरवाल, मल्टीपल की अध्यक्षा अंजना सिंहल, शपथग्रहण अधिकारी अंजना जैन, रीजनल चेयरमैन डॉ. शिल्पम जोशी सहित सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। लीनेस प्रांत के 5 क्लब ब्लू डायमंड, रॉयल, रूबी, वृंदा व परिणीता को शपथ अधिकारी मल्टीपल एडमिनिस्ट्रेटर अंजना जैन द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान ब्लू डायमंड क्लब की तृप्ति व अनामिका द्वारा राधा.कृष्ण नृत्य एवं निर्मला, सरिता सावित्री, पुष्पा द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया, वहीं सावी विजयवर्गीय द्वारा संचालित रंगीली हाऊजी एवं लकी ड्रॉ ने सभी का उत्साह बढ़ाया। मंच संचालन अलका गर्ग द्वारा प्रभावी रूप से किया गया।

# पेयजल किल्लत का समाधान करने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने पेयजल किल्लत की समस्या के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि गर्मी के मौसम की शुरूआत होते ही पेयजल किल्लत शुरू हो गई है और लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए समय पर नियमित जलापूर्ति कर जनता को राहत प्रदान की जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेता बजरंग सैन, निवर्तमान उप सभापत अमित मारोठिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, एडवोकेट सलीम खान, ओंकारमल मेघवाल, विद्याधर बेनीवाल, अमजद खान कायमखानी, कन्हैयालाल माली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण कथा में विरह और समर्पण का संदेश

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर में ओके प्लस समूह के बैनर तले समूह के चेयरमैन ओमप्रकाश मोदी व स्नेहलता मोदी की स्वर्ण जयंती वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बिड़ला सभागार में आयोजित श्रीकृष्ण कथा के अंतिम दिन भक्ति, भाव और रस का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूज्य पुण्डरीक गोस्वामी ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के गूढ़ और भावुक प्रसंगों का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के समापन अवसर पर रासलीला रहस्य, गोपी गीत, उद्धव चरित्र और कृष्ण-रुक्मणी विवाह जैसे प्रसंगों का मार्मिक वर्णन हुआ। इन प्रसंगों को सुनकर सभागार में मौजूद भक्त भक्ति की मस्ती में झूम उठे और पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। महाराज ने कहा कि रासलीला कोई सांसारिक क्रीड़ा नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का सर्वोच्च उत्सव है। उन्होंने बताया कि भगवान के अंतर्ध्यान होने पर गोपियों के विरह से उपजा गोपी गीत केवल विलाप नहीं, बल्कि शरणागति की पराकाष्ठा का प्रतीक है। भगवान की प्राप्ति अहंकार त्याग से ही संभव है। उद्धव चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि परम ज्ञानी उद्धव भी ब्रज की गोपियों के निस्वार्थ प्रेम के आगे नतमस्तक हो गए थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि ईश्वर को केवल शास्त्र ज्ञान से नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम और भाव से पाया जा सकता है।

कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग पर महाराज ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा थीं। जब उनका विवाह शिशुपाल से तय हुआ, तब उन्होंने अपने आराध्य श्रीकृष्ण को गुप्त संदेश भेजा।

यह प्रसंग अटूट विश्वास और समर्पण की शक्ति को दर्शाता है, जिसमें भगवान स्वयं भक्त की रक्षा के लिए उपस्थित होते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर मंगल गीत गाए और भक्ति भाव से झूमकर नृत्य किया। महाराज ने कहा कि भक्ति वह मार्ग है, जहां तर्क समाप्त होता है और समर्पण प्रारंभ होता है।

# न्यू हॉलैंड का 3032 टीक्स स्मार्ट ट्रैक्टर लांच

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** न्यू हॉलैंड ने नोखा तहसील में अपना 3032 टीक्स स्मार्ट ट्रैक्टर, जो अत्याधुनिक तकनीक से बना ट्रैक्टर है लाँच किया। तेल में डूबे ब्रेक, लिफ्टोमेटिक, पावर स्टीयरिंग, 6 साल की टी-वारंटी है। ट्रैक्टर की खासियत उसे 31-40, एक्स श्रेणी में बेहतर बनाती है। 3032 टीक्स माइलेज का राजा के नाम से प्रख्यात है। इस उपलक्ष्य पर सीएनअच के राजस्थान रीजनल मैनेजर निशांत त्यागी ने किसानों को न्यू हॉलैंड का राजस्थान में लगातार 2 साल से बढ़ती ग्रोथ से किसानों को अवगत करवाया। न्यू हॉलैंड एक बेजोड़ संयोग है गुणवता और प्रोडक्टिविटी का और बहुत ही तेजी से किसानों की पसंद बनता जा रहा है। अभी सर्विस और कंपनी का सपोर्ट इसे ओर भी ज्यादा लोकप्रिय बना रहा है। इस उपलक्ष्य में राजस्थान एरिया मैनेजर सोमन दत्ता, सर्विस मैनेजर सुरेंद्र सिंह, प्रोडक्ट मैनेजर इन्द्रजीत वर्मा ने किसानों का उत्साह बढ़ाया। लक्ष्मण गोदारा कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से लक्ष्मण गोदारा व विजय गोदारा ने इस उपलक्ष्य पर पांच 3032 टीक्स ट्रैक्टर की डिलीवरी की ओर एक ट्रैक्टर रैली के द्वारा पूरे शहर में प्रोडक्ट लॉन्च को भरपूर तरीके से किसानों को अवगत कराया।

# गौ माता को भेजी खाने पीने की सामग्री



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था अग्रवाल फार्म मानसरोवर के तत्वाधान में गौ दान महादान के तहत हर माह की अमावस्या के दिन गौ माता के लिए भोजन सामग्री गुड, दाल, रोटी, दलिया, चारा, फल एवं सब्जियां एकत्रित कर दादू दयाल गौशाला प्रकाश दास महाराज बाबा जी गांव किवाड़ा निवाई गौ शाला मे भिजवाई गई। हर महीने की अमावस्या जन सहयोग से खाने पीने का सामान जन सहयोग से गौशाला के लिए श्याम पार्क से गाड़ी के द्वारा भेजा गया। इस मौके पर रतनलाल कट्टा, जय सिंह, शिवदयाल सेन, आनंद, रामजीलाल सैन, कॉलोनी वासी श्याम भक्तों के द्वारा पुण्य काम में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं गो सेवा का पुनीत काम जन सहयोग से किया जा रहा है।

# सवर्ण समाज महापंचायत में बड़े आंदोलन की चेतावनी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** यूजीसी के भेदभाव पूर्ण कानून के विरोध में सवर्ण समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को राम निवास गार्डन में फुटबॉल क्लब ग्राउंड पार्किंग स्थल पर सवर्ण समाज महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत स्थल भेदभावपूर्ण नीतियों के विरोध में लगाए जा रहे तीखे नारों से गूंज उठा। युवाओं का जोश और आक्रोश उनके चेहरों पर साफ झलक रहा था।

बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में अपनी उपेक्षा और भविष्य को लेकर गहरी चिंता जताई। महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सवर्ण समाज को योजनाबद्ध तरीके से हाशिये पर धकेला जा रहा है। शिक्षा, रोजगार और नीतिगत फैसलों में लगातार हो रहे भेदभाव को लेकर लोगों में असंतोष चरम पर है। यूजीसी रोलबैक सहित अन्य मुद्दों पर जोरदार आवाज बुलंद की गई और स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो इससे भी बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि अब सवर्ण समाज चुप बैठने वाला नहीं है। हमारी सहनशीलता को कमजोरी समझने की भूल न करें। यदि हमारे अधिकारों पर चोट की गई तो सडकों पर ऐसा आंदोलन खड़ा होगा, जो व्यवस्था को झकझोर देगा। यूजीसी जैसे फैसलों को तुरंत वापस लेना होगा, नहीं तो देशव्यापी उग्र आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा। परशुराम सेना के अध्यक्ष दिनेश राणेजा ने कहा कि यह संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है। यह केवल सवर्ण समाज की नहीं, बल्कि न्याय और समानता की लड़ाई है।

अगर हमारी मांगों को अनदेखा किया गया तो यह महापंचायत एक चेतावनी है-आने वाले समय में बड़े स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे। श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है। बार-बार सवर्ण समाज को नजरअंदाज करना भारी पड़ेगा। यह समाज जब उठ खड़ा होता है तो हालात बदल देता है। हम शांत हैं, लेकिन अगर मजबूर किया गया तो आंदोलन का स्वरूप बेहद उग्र होगा।

# सर्राफा व्यापारी से हुई लूट के विरोध में दूसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

निसं



**कांवट (नवयत्न)।** कांवट में बंदूक की नोक पर सर्राफा व्यापारी से जेवरात की हुई लूट के मामले के विरोध में दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। सर्व समाज के लोगों व व्यापारी वर्ग ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर आक्रोश व्यक्त किया तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर आरोपियों की गिरफ्तार की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर खंडेला ने लूट कांड के आरोपी को पुलिस प्रशासन से जल्दी गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने की मांग की।

उन्होंने कहा की पुलिस प्रशासन की कार्यशैली सही नहीं है जिससे क्षेत्र में दिनों दिन लूट कांड, मारपीट अनेक तरह के घटनाक्रम होते जा रहे हैं। पुलिस क्षेत्र में सक्रिय रहे तो अपराध के घटनाक्रम नहीं हो सकते लेकिन कहीं ना कहीं दाल में काला है।

पुलिस प्रशासन इस मामले में स्थिर व निष्क्रय है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद है और घटना को अंजाम देते हैं। धरने को खंडेला प्रधान गिरराज सिंह, किशोर दुलेपुरा, कामरेड ओमप्रकाश यादव, सुल्तान राम सामोता, फुलचंद, रामावतार बडसरा, बाबूलाल मीणा, रंगलाल स्वामी, दयाराम यादव, भोलाराम लाम्बा, पीड़ित विकास सोनी, विष्णु बंसल सरपंच मीना सैनी सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। इधर पुलिस की लूटकांड के अपराधियों की पकड़ काफी दूर है।

पुलिस अपने हाथ पैर मार रही है लेकिन अपराधी हाथ नहीं लग रहे हैं।

धरनार्थियों ने कमेटी बनाकर संघर्ष को तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि अपराधी अगर नहीं पकड़े जाएंगे तब तक धरना जारी रहेगा तथा 5 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि थोई थाने का घेराव किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

# नव संवत्सर पर ठाकुरजी सुनेंगे नव वर्ष पंचांग



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ठिकाना मंदिर श्री राम चंद्र जी में आज से शुरू होने वाले नौ दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव में नव संवत्सर के दिन श्री ठाकुर जी को मंदिर परिवार द्वारा नव पंचांग सुनाया जाएगा। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि प्रातः मंगला के बाद नवरात्रा के कलश पूजन की जाएगी साथ में बाल भोग में मिश्री काली मिर्ची और नीम की कोपल का मिश्रित भोग लगाया जाएगा। इस भोग का एक अलग ही महत्व है। नीम और काली मिर्च स्वास्त व ताकत के लिए और मिश्री मिठास के लिए। तीनों के मिश्रण से लेने से स्वस्थ लाभ होता है यह परंपरा रियासत काल से चली आ रही है। सवाई मानसिंह के समय से पहले नव संवत् के दिन ठाकुर जी को भोग लगा कर पूरे राज्य में प्रसाद वितरण किया जाता था और मान्यता थी की इसको लेने से वर्ष भर बीमारी नहीं होती थी। मंदिर परिवार आज भी यह परंपरा निभाता आ रहा है। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि साथ ही शाम को छ बजे से भक्त समाज द्वारा बधाई उत्सव एवम कीर्तन किया जाएगा और 20 मार्च को महिला भक्त समाज द्वारा श्री सीताजी को सिंजारा पुजाया जायेगा।

# रोजा इफ्तार दावत आयोजित



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** शहर में शाकंभरी गेट के निकट पुलिस थाना उदयपुरवाटी के पास मदीना मदरसा में काजी समाज उदयपुरवाटी की तरफसे रोजा इफ्तार दावत रखीं गई। इस इफ्तार दावत में सैकड़ों की तादाद में रोजेदार शरीक हुए और नमाज अदा करने के बाद सभी ने देश-प्रदेश में अमन-चैन, भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। इस मौके पर शहर काजी गुलाम रसूल साहब, अकरम मुगल युवा नेता, हसान काजी, फारूक काजी,माहीर खान, बाबु काजी, जमील, आसीफ, इमरान, फारूक एडवोकेट, मेहबूब, संजय साजीद, अमित, नाजू, मुर्तजा काजी सहित सैकड़ों की तादाद में रोजेदार शरीक हुए।

# गणगौर मेले पर जयपुर में आधे दिन का अवकाश घोषित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गणगौर मेले के अवसर पर राज्य सरकार ने 21 मार्च शनिवार को जयपुर शहर स्थित राज्य सरकार के समस्त कार्यालयों, राजकीय उपक्रमों एवं शिक्षण संस्थानों के लिए आधे दिन का अवकाश घोषित किया है। संयुक्त शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग दाताराम ने बताया कि यह अवकाश दोपहर 1:30 बजे से प्रभावी रहेगा।

# पूर्व सांसद सरस्वती व यूडीएच मंत्री झाबर सिंह ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला व केंद्रीय सडक व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से बुधवार को भेंट की। इस दौरान पूर्व सांसद ने सीकर जिले के विकास व जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। इस दौरान उनके साथ यूडीएच मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा भी साथ रहे। केंद्रीय सडक व परिवहन मंत्री गडकरी से पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती व यूडीएच मंत्री खर्रा ने सीकर संसदीय क्षेत्र की विकास से जुड़ी विभिन्न सडक परियोजनाओं एवं जनसामान्य को प्रभावित करने वाली प्रमुख समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने बताया की यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के साथ लोकसभा क्षेत्र सीकर में शाहपुरा से वाया अजीतगढ़ होते हुए रींगस सडक मार्ग को चौड़ाईकरण कर उसे फोरलेन में विकसित करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने की महत्वपूर्ण मांग के लिए आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि अगले तीन महीने में जल्दी डीपीआर बनाकर इस कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। इसके साथ ही रामु का बास चौराहा से बढ़ाढर सडक मार्ग को फोरलेन करने का आग्रह किया। इस सभी मांगो को पूर्ण करने की दिशा में सड़क एवं परिवहन मंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।



# रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा कल

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्व. गिरधारी फूलफकर की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर 20 मार्च को रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह सवा 9 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन वीर तेजाजी युवा संगठन, सरदारशहर द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वर्गीय गिरधारी फूलफकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ जरूरतमंदों के लिए रक्त संग्रह करना है। रक्तदान शिविर का आयोजन प्राथमिक चिकित्सालय, अर्जुन क्लब कच्चा बस स्टैंड, सरदारशहर में रखा गया है।

# शहीद के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** उत्तराखंड के हर्षिल में पांच अगस्त 2025 को आई प्राकृतिक आपदा के दौरान रतनगढ़ तहसील के ग्राम दाऊदसर का लाल ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया।

शहीद के सम्मान में आज बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। मामले के अनुसार गांव दाऊदसर के किसान डालूराम कालेर के बड़े बेटे हरलाल कालेर सात अप्रैल 2010 को सेना में भर्ती हुए थे। वे 14वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स में हवलदार के पद पर उत्तराखंड में पदस्थापित थे। पांच अगस्त 2025 को उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान वे शहीद हो गए। घटना के बाद उनकी पार्थिव देह नहीं मिली तथा घटना के कुछ दिन बाद सेना के अधिकारियों ने उन्हें अमर शहीद का दर्जा दे दिया। करीब दो माह पूर्व उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया। आज बुधवार को गौरीसर से शहीद हरलाल कालेर के निवास से होते हुए तेजाजी मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। बटालियन की टुकड़ी की एक टीम तिरंगा लेकर बीकानेर से गौरीसर पहुंची, जहां पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने भारत माता व अमर शहीद के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान करते हुए पुष्प वर्षा की। वहां से तिरंगा यात्रा शहीर हरलाल कालेर के खेत में बनी ढाणी में पहुंची, जहां पर सेना के अधिकारियों ने उनके पिता डालूराम कालेर एवं बेटे मोहित को तिरंगा सुपुर्द किया। इसके पश्चात गांव में प्रस्तावित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर विधायक पूसाराम गोदारा, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष इंद्राज खीचड़, पूर्व प्रधान संतोष तालणियां, सुरेंद्र हुड्डा, रालोपा के जिला उपाध्यक्ष गजानंद सिहाग, राधेश्याम सारण, मदनलाल जाखड़, एसडीएम मिथिलेश कुमार, डीवाईएसपी इंसार अलीए तहसीलदार पूजा पारीक, सब इंसपेक्टर बलसंतसिंह सहित पुलिस के कई जवान उपस्थित थे।


**न्यायालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, झुन्झुनूं।**
**पीठासीन अधिकारी :- दीपा गुर्जर ( जिला न्यायाधीश संवर्ग/आर.जे.एस. ) झुन्झुनू।**
**सिविल विधिक प्रकरण ( उत्तराधिकार ) संख्या :- 25/2026**

किशोरीलाल पुत्र गोरूराम कुमावत उम्र 67 वर्ष निवासी गुढ़ागौड़जी तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनू (राज.)।

**- आवेदक**

**- बनाम -**

1 हर आम व खास

**- अनावेदकगण**

**प्रार्थना पत्र बाबत प्रोबेट जारी करने हेतु**

**अः धारा 276 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925**

महोदय,

उपरोक्त आवेदक ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र बाबत प्रोबेट जारी करने हेतु अः धारा 276 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 के अधिन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी के चाचा भागूराम व उसकी पत्नी का देहान्त हो चुका है उनके कोई संतान नहीं थी भागूराम ने अपने जीवनकाल में प्रार्थी के हक में एक वसीयत दिनाक 29.12.2015 निष्पादित करवाई थी। भागूराम के द्वारा की गई वसीयत का प्रोबेट प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रार्थी के हक में प्रोबेट प्रमाण पत्र की जरूरत है। इसलिए हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रार्थी के हक में प्रोबेट प्रमाण पत्र जारी करने में किसी को कोई एतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में दिनांक 22-04-2026 को उपस्थित होकर आपति प्रस्तुत करे अन्यथा आवेदिका के हक में प्रोबेट प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा व एतराज समाअत नहीं किए जावेंगे। आज दिनांक 06/03/2026 को जारी किया गया है।

न्यायालय के आदेश से
मुंसरिम, जिला एवं सैशन
न्यायाधीश झुन्झुनूं।



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल लोसल जिला-सीकर**

क्रमांक : न.पा.लो./2025-26/5172 दिनांक :- 16.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगरपालिका मण्डल लोसल द्वारा विकास कार्यो के अन्तर्गत कार्य करवाये जाने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से तकनीकी व वितीय (दो लिफाफा पद्वति) द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑन लाईन निविदा दिनांक 20.03.2026 से 29.03.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in तथा पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। जिसके एन.आई.बी कोड़ - **DLB2526B3065** व यु.बी.एन. नम्बर निम्नानुसार है:-

**UBN No. - DLB2526WSOB38878, DLB2526WSOB38879, DLB2526WSOB38880, DLB2526WSOB38881**

राज.संवाद/सी/25/22816 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका लोसल


# जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** माह मार्च 2026 में 19 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है। जन अभियोग निराकरण विभाग जयपुर के संयुक्त शासन सचिव ने बताया कि मंत्रीगण द्वारा राजस्थान दिवस के अवसर पर अपने प्रभार वाले जिलों में दौरे एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होने के कारण 19 मार्च 2026 की जनसुनवाई को स्थगित किया गया है।


**आम सूचना**

Finova capital pvt ltd शाखा रतनगढ़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री त्रिलोकचंद पुत्र हीराराम जाट निवासी ग्राम लाछड़सर, तहसील राजलदेसर जिला चूरू अपनी एक आवासीय जायदाद वाके ग्राम लाछड़सर, तहसील राजलदेसर जिला चूरू, पट्टा नंबर 300, पट्टा दिनांकित 29.06.2017 तादादी 2184 वर्ग फीट ग्राम पंचायत लाछड़सर द्वारा श्री त्रिलोकचंद पुत्र हीराराम जाट के पक्ष में जारी शुदा है उक्त पट्टे का पंजीयन सब रजिस्ट्रार ऑफिस राजलदेसर में 06.02.2026 को करवाया जा चुका है। प्रार्थी उक्त सम्पति को Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है उक्त संपत्ति का मूल पट्टा नंबर 300 प्रार्थी से कही गुम हो चुका है। अगर किसी के पास उक्त मूल पट्टा हो तो finnova capital pvt. Ltd. शाखा रतनगढ़ में जमा करवा देवे। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Finova capital pvt ltd शाखा रतनगढ़ के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**



**कार्यालय प्राचार्य, राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर**
**तोदी नगर, सांवली रोड, सीकर-332001**

Email-comcollegesikar@gmail.com Ph.-01572-274330

क्रमांक : 679 दिनांक: 13-03-2026

**ई निविदा आमंत्रण सूचना 01/2025-26**

राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में आईसीटी लैब एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, दांतारामगढ़ में स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 23.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। कार्य की अनुमानित लागत राशि रू. 39.20 लाख है।

UBN: ECD2526A0557 UBN: ECD2526A0558
NIB: ECD2526GLOB00585 NIB: ECD2526GLOB00586

**प्राचार्य**
राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर
एवं नोडल प्राचार्य, राजकीय कन्या
DIPR/C/5424/2026 महाविद्यालय, दांतारामगढ़



**Office of Executive Engineer Watershed Development and Soil Conservation Dept Khandela**

क्रमांक : 386-94 दिनांक: 11/03/2026

**Notice Inviting Bid**
**Tender no 15 Year 2025-26**

Bids for Nara Lakan and wall painting work in PMKSY Area in Block Khandela District Sikar Rajasthan are invited from interested bidders from Date 12.03.2026 time 10:00 AM to Date 22.03.2026 time 06:00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and http://water.rajasthan.gov.in/wdse.
NIB ??:- WSC2526A1887
UBN no:- WSC2526WSOB03192

(Surendra Kumar Meel)
Executiive Engineer
DIPR/C/5325/2026 WD&SC Khandela


# टीम हारे का सहारा को मिला जिला स्तरीय सम्मान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पीड़ित मानवता की सेवा के लिए कार्य करने वाली टीम हारे का सहारा को सरदारशहर में बुधवार को आयोजित मायड़ भूमि गौरव सम्मान समारोह 2026 में जिला स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। दुर्घटना ग्रस्त लोगो की हर संभव सहायता, रक्तदान, अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार तथा स्वास्थ्य क्षेत्र मे बेहतरीन निस्वार्थ कार्य करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि भामाशाह विकास मालू, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि, पालिका अध्यक्ष राजकरण चैधरी ने टीम संयोजक श्याम स्वर्णकार, दामोदर शर्मा लोढ़सर, भागीरथ जाट कोलासर, सुरेंद्र सिंह राठौड़ को सम्मानित किया

# जिले के प्रभारी सचिव आज व कल सीकर के दौरे पर रहेंगे

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव सुबीर कुमार 19 एवं 20 मार्च को सीकर जिले के दौरे पर रहेंगे। निजी सचिव मनोहर लाल बैरवा ने बताया कि 19 मार्च को सुबह 9 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान हीट वेव से निपटने के लिए व्यवस्था एवं वर्तमान एलपीजी संकट का जायजा, राजस्थान सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं, जनगणना के लिए की जा रही तैयारीयों, बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन एवं भूमि आवंटन मामलों की स्थिति की समीक्षा करेंगे।

प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार 20 मार्च को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में राजस्थान संपर्क पोर्टल सेल का निरीक्षण एवं पोर्टल पर प्राप्त परिवादों के त्वरित निस्तारण की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

प्रमुख शासन सचिव संजीव कुमार अपराह्न 3 बजे सीकर से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।


**कार्यालय पंचायत समिति धोद मु. सीकर**

क्रमांक:- 1904 दिनांक:- 13-03-26

**खुली बोली निविदा-उपापन/निलामी सूचना**

निम्न ग्राम पंचायतों में अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य करवाया जाना है इच्छुक बोली अधिकृत व्यक्ति/पंजिकृत विक्रेताओं/फर्मों/ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाएं/ बोली आमंत्रित की जाती है निविदा/बोली निम्नानुसार निर्धारित दिनांक को निर्धारित समय तक कार्यालय पंचायत समिति धोद में जमा करवाई जा सकती है।

| क्र.सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | अमानत राशि रू. | बिड प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि व समय | बिड प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बिड प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि व समय | NIB NO | UBN NO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत हर्ष | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0350 | PIR2526WSOB00395 |
| 2 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत पलथाना | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0351 | PIR2526WSOB00396 |
| 3 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सिंगरावट | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0352 | PIR2526WSOB00397 |
| 4 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत भीमा | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0353 | PIR2526WSOB00398 |
| 5 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सिहोट बड़ी | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0354 | PIR2526WSOB00399 |
| 6 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत मोरडूंगा | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0355 | PIR2526WSOB00400 |
| 7 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत मण्डावरा | 8.00 | 16000 | 23.03.2026/ 6:00 PM | 24.03.2026/ 11:00 AM | 24.03.2026/ 01:00 PM | PIR2526A0356 | PIR2526WSOB00401 |
| 8 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत चिड़ासरा | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0357 | PIR2526WSOB00402 |
| 9 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सेवद बड़ी | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0358 | PIR2526WSOB00403 |
| 10 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत शाहपुरा | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0359 | PIR2526WSOB00404 |
| 11 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत झीगर छोटी | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0360 | PIR2526WSOB00405 |
| 12 | अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत कूदन | 8.00 | 16000 | | | | PIR2526A0361 | PIR2526WSOB00406 |

निविदा प्रपत्र में शर्ते का अवलोकन राज्य लोक उपापन पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति धोद मु. सीकर**

**DIPR/C/5591/2026**

राजस्थान सरकार








श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# राजस्थान दिवस

(भारतीय नववर्ष - चैत्र शुक्ल प्रतिपदा)

पर

## प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### 207 नवीन रोडवेज बसों की रवानगी

19 मार्च, 2026 | प्रात: 8:30 बजे
बस टर्मिनल, अजमेर रोड़, जयपुर

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं वार्ड अभियान का शुभारम्भ

19 मार्च, 2026 | प्रात: 11:30 बजे
मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइंस, जयपुर

## प्रगति पथ पर बढ़ता राजस्थान

### देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**
2.18 करोड़ पॉलिसियां

**पीएम-कुसुम योजना**
कम्पोनेन्ट- ए एवं सी

**जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरण**
धरती आबा जनभागीदारी अभियान में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट

**फार्मर रजिस्ट्री योजना**
लाभार्थी ID निर्माण

**स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025**
लक्षित इकाइयों का रूपांतरण

सहित 13 योजनाओं में देश में प्रथम

### देश में द्वितीय

**कृषि विभाग**
प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण

**पीएम विश्वकर्मा योजना**
ऋण स्वीकृति एवं वितरण

**पीएम कृषि सिंचाई योजना- "पर ड्रॉप - मोर क्रॉप"**
1.31 लाख हेक्टेयर माइक्रो इरिगेशन स्थापना

**राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार**
श्रेष्ठ डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी
श्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन

**पोषण माह 2025 गतिविधियों में**

### देश में तृतीय

**पीएम - कुसुम योजना**
कम्पोनेंट-B एवं C-FLS

**जल संचय जनभागीदारी 1.0 अभियान**
कार्य क्रियान्वयन के आधार पर

**आयुष्मान भारत (PM-JAY)**
क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पैनलमेंट

**टीबी मुक्त ग्राम पंचायत**
घोषित करने एवं 100 दिवसीय कैम्पेन

**एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम**
क्रियान्वयन श्रेणी

सहित 6 योजनाओं में देश में तृतीय

## प्रगति निरंतर - आंकड़ों की जुबानी

5 साल 2018-2023 बनाम 25 माह 2024 - मार्च, 2026

| | कौशल प्रशिक्षण (लाख) | फार्म पौण्ड (खेत तलाई) | ओडीएफ प्लस गाँव | निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई (किमी.) | सड़कों से जोड़े गए गाँव | नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु आवंटित भूमि (हेक्टेयर) | बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि (मेगावाट) | बालिका प्रोत्साहन योजना में लाभान्वित | कुसुम घटक 'ए' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 2.35 | 29,430 | 1,478 | 13,160 | 1,104 | 22,597 | 3,952 | 2,92,507 | 489 |
| अब | 3.41 | 35,368 | 41,037 | 16,864 | 1,717 | 98,894 | 8,261 | 3,14,530 | 2,911 |

| | स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट / लेपटॉप वितरण | छात्राओं को स्कूटी वितरित | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना | राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण | स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण (लाख) | नवीन राजस्व ग्रामों का सृजन | सैटेलाइट अस्पताल की स्थापना | किसानों को तारबंदी पर दी राशि (करोड़) | कुसुम घटक 'सी' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 986 | 21,136 | 5 | 57 | 10.36 | 1,517 | 10 | 113 | 57 |
| अब | 88,724 | 41,820 | 21 | 185 | 11.31 | 2,294 | 18 | 403 | 2,064 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद